
www.lagatar.in * * रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित रांची, बुधवार 05 जून 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 57 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

एक राज्य - एक अखबार

# शुभम संदेश

जानादेश 2024




| एनडीए | | इंडिया | | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| 291 | -52 (2019 में 353 सीटें) | 234 | +107 (2019 में 92 सीटें) | 18 |

अकेले भाजपा 239

अकेले कांग्रेस 100

सपा ने यूपी और टीएमसी ने बंगाल में भाजपा का विजय रथ रोक दिया है. फिर भी लोकसभा चुनाव के नतीजों के मुताबिक भाजपा (239) सबसे बड़ी पार्टी के रुप में उभरी, लेकिन वह अकेले दम पर बहुमत से दूर है. लिहाजा, सरकार बनाने के लिए उसे एनडीए के साथियों पर निर्भर रहना पड़ेगा, विपक्षी गठबंधन इंडिया मजबूत ताकत के रुप में उभरा है. नतीजों को देखें तो सत्तारुढ़ गठबंधन उम्मीद के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाया. एग्जिट पोल के अनुमान भी गलत साबित हुए. एनडीए को 291 सीटें मिली हैं. वहीं इंडिया 234 सीटें जीता है. इसमें कांग्रेस ने 100, सपा ने 38, टीएमसी ने 29, द्रमुक ने 22 सीटें जीती हैं. राजद का बिहार में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा. हालांकि उसके खाते में चार सीटें आई हैं. झारखंड में भी इंडिया का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा.



# गठबंधन सरकार

## नीतीश-नायडू किंगमेकर

लगातार न्यूज नेटवर्क

चुनावी नतीजे आने के बाद बिहार के सीएम और जदयू सुप्रीमो नीतीश कुमार और टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू किंगमेकर बन कर उभरे हैं. ये दोनों नेता जिधर जाएंगे, सरकार उसी की बनेरगी. दोनों नेता अभी एनडीए के साथ हैं. लेकिन पुराने अनुभव बताते हैं कि नीतीश और चंद्रबाबू अपने राज्य के लिए किसी भी पक्ष के साथ खड़े हो सकते हैं. फिलहाल दोनों के दोनों हाथ में लड्डू है. एक-दो दिन में स्थिति स्पष्ट होगी कि नीतीश और चंद्रबाबू किसकी सरकार बनवाते हैं.

बता दें कि मोदी ने 400 पार का नारा दिया था, लेकिन मंगलवार को जब ईवीएम खुला, तो भाजपा 240 सीटों से नीचे ही फिसलती दिखी. ऐसे में भाजपा अकेले दम पर सरकार नहीं बना सकेगी और उसे 272 के जादुई आंकड़े के लिए साथियों की जरूरत होगी. इस हालत में भाजपा के लिए नीतीश और चंद्रबाबू नायडू सहारा बनते दिख रहे हैं. जदयू ने बिहार में 12 हासिल की हैं. टीडीपी ने 16 सीटें जीती हैं. आंध्र विधानसभा में भी नायडू की सरकार बन रही है. इस तरह नायडू की लॉटरी लग गई है. वह राज्य के सीएम होंगे, तो वहीं केंद्र में जो सरकार बनेगी, उनका बड़ा दखल होगा. पहले भी नीतीश और चंद्रबाबू किंगमेकर रहे हैं और अटल के दौर में सरकार का हिस्सा थे. इस तरह नायडू और नीतीश के लिए एक बार फिर पुराना दौर लौट आया है. यदि टीडीपी की 16 और जेडीयू की 12 सीटें भाजपा को मिलती हैं, तो 239 सीटों वाली भाजपा 275 के दावे के साथ सरकार बना सकेगी. इसके अलावा एकनाथ शिंदे की शिवसेना 6 सीटें जीती है, तो 280 पार का आंकड़ा आसानी से सरकार बनवा देगा. चंद्रबाबू तो भाजपा के साथ 2014 और 2019 में भी थे, लेकिन फिर कांग्रेस के साथ चले गए थे. इसी साल मार्च में वह एनडीए में वापस लौट आए. यही नहीं नीतीश भी इंडिया अलायंस के नेता थे, लेकिन चुनाव से ठीक पहले ही वह भाजपा के साथ आ गए. भाजपा के लिए यह अच्छा ही रहा कि चुनाव से ठीक पहले ही चंद्रबाबू और नीतीश उसके साथ आ गए थे. अब उसके लिए इन्हें मैनेज करना उतना कठिन नहीं होगा और आसानी से सरकार का गठन कर पाएगी.

एनडीए में ही पवन कल्याण भी हैं, जिनकी पार्टी दो सीटें जीती है. चिराग पासवान की लोजपा आर ने भी 5 सीटों पर जीत दर्ज की है. यदि इस पूरे आंकड़े को मिला दें तो एनडीए के खाते में 290 सीटें पहुंच सकती हैं. इस तरह एनडीए सरकार को पूरे कार्यकाल में नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के ही भरोसे रहना होगा. दोनों नेता किंगमेकर बन कर उभरे हैं.

यह लोकतंत्र और संविधान में भरोसे की जीत है. एनडीए की तीसरी बार सरकार बननी तय है, भाजपा और एनडीए में पूर्ण विश्वास के लिए लोगों का आभार व्यक्त करता हूं. हर भारतीय को हमारी चुनाव प्रणाली और उसकी विश्वसनीयता पर गर्व है. 10 साल पहले आपने बदलाव के लिए मुझ पर भरोसा करके देश की बागडोर सौंपी थी. दूसरा कार्यकाल देश के विकास के नाम रहा. अब तीसरा कार्यकाल देश को बहुत आगे ले जाने के लिए मिला है.

-नरेंद्र मोदी, प्रधानंत्री

### कांग्रेस ने देश को दिखाया रास्ता



जब कांग्रेस का खाता बंद हुआ, तो मुझे लगा कि जनता अपने संविधान के लिए लड़ेगी. ये सच साबित हुआ. कांग्रेस ने देश को साफ तौर पर रास्ता दिखाया है. यह चुनाव इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पार्टी ने किसी राजनीतिक पार्टी के खिलाफ नहीं लड़ा, यह चुनाव हमने संविधान को बचाने के लिए लड़ा. उन्होंने कहा कि देश ने साफ कह दिया है कि हम मोदी और शाह को नहीं चाहते. हम वादे पूरे करेंगे. जहां तक सरकार बनाने की बात है, तो इस पर बुधवार को घटक दलों के साथ बैठक करके तय करेंगे कि हमें सरकार बनानी है या विपक्ष में बैठना है.

**- राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता

### एनडीए

| पार्टी | सीटें |
|---|---|
| भाजपा | 239 |
| टीडीपी | 16 |
| जदयू | 12 |
| शिवसेना | 06 |
| लोजपा (आर) | 05 |
| जेडीएस | 02 |
| आरएलडी | 02 |
| जेएसपी | 02 |
| हम | 01 |
| एजीपी | 01 |
| एजीएसयूपी | 01 |
| एडीएएल | 01 |
| एनसीपी | 01 |

### इंडिया

| पार्टी | सीटें |
|---|---|
| कांग्रेस | 100 |
| सपा | 34 |
| टीएमसी | 29 |
| डीएमके | 22 |
| शिवसेना (यूबीटी) | 10 |
| एनसीपी (एस) | 07 |
| माकपा | 04 |
| राजद | 04 |
| आईयूएमएल | 03 |
| झामुमो | 03 |
| आप | 03 |
| भाकपा | 02 |
| भाकपा माले | 02 |

### कौन-कौन मंत्री हारे

- स्मृति ईरानी (अमेठी)
- अर्जुन मुंडा (खूंटी)
- महेंद्र नाथ पांडेय (चंदौली)
- अजय मिश्र टेनी (खीरी)
- राजकुमार सिंह (आरा)
- राजीव चंद्रशेखर (तिरुअनंतपुरम)
- कैलाश चौधरी (बाड़मेर)




# जनता ने बता दिया, उसे क्या चाहिए

सुरजीत सिंह

त्वरित टिप्पणी

गोशिक्षा- सबको चाहिए. वाट्सएप यूनिवर्सिटी- नहीं चाहिए. रोजगार- सबसे जरूरी है. नौकरी- जरूरी है. सरकारी नौकरी- बहुत जरूरी. पेपर लीक- मुक्ति चाहिए. मजदूरी- ज्यादा मिले. अग्निवीर- चार साल की नौकरी नहीं चाहिए. वेतन- बढ़ने चाहिए. बेरोजगारी- जिंदगी खराब कर दी. गरीबी- बढ़ी है. भुखमरी- हर तरफ है. महंगाई- मुक्ति चाहिए. महंगा भोजन- सस्ता करो. महंगा अनाज- पांच किलो से काम नहीं चलता. महंगा पेट्रोल- नहीं चलेगा. महंगी गैस- सस्ती हो. एमएसपी- कानून बने. स्वास्थ्य- गारंटी मिले. झूठी खबरें- अच्छी नहीं लगतीं. झूठी बातें- इरिटेट करती हैं. लोकतंत्र- तानाशाही नहीं चलेगी. राष्ट्रवाद- प्लेग (महामारी) है. गंगा- मैली ही रह गई. गांधी- इतना झूठ मत बोलो. नेहरू- हर समस्या की जड़ नहीं. राहुल गांधी- पप्पू नहीं हैं. देश की हालत- 10 साल में खराब हुई. विदेशों में- डंका नहीं बज रहा, छवि खराब हो रही. देश- एक व्यक्ति या एक दल का नहीं. नरेंद्र मोदी- बायोलॉजिकल हैं, ईश्वर के अवतार नहीं.

चुनाव परिणाम आने के बाद लोगों ने बता दिया है कि वो क्या चाहते हैं. देश की जनता को यही सब पसंद है. देश की जनता ने यह बता दिया है कि जिन बातों पर भाजपा व उनके समर्थक गर्व कर रहे हैं, वह गर्व करने के लायक नहीं है, बल्कि शर्म करने के लायक है. देश के 60 प्रतिशत लोगों को भोजन उपलब्ध कराने पर, बच्चों को रोजगार ना मिलने पर, भोजन, कपड़ा, मकान, सफर आम लोगों से दूर होने पर, बड़ी यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों को सामान्य जानकारी ना होने पर, झूठ पर, वाट्सएप यूनिवर्सिटी पर, खुद को बायोलॉजिकल ना होना बताने पर हमें गर्व नहीं होता, शर्म महसूस होती है. और इस शर्म और हालात ने हमारी जिंदगी को नर्क बना दिया है. हम इससे बाहर निकलना चाहते हैं. भाजपा को स्पष्ट बहुत ना मिलना संकेत है कि विकल्प उससे कमजोर है. लेकिन नहीं सुधरे तो कमजोर विकल्प भी मंजूर होगा. इस चुनाव के रिजल्ट ने कांग्रेस समेत इंडिया गठबंधन की तमाम पार्टियों के लिए भी एक संदेश है. करप्शन व परिवारवाद से दूर रहो. संगठन को मजबूत बनाओ और आम लोगों के मुद्दों से जुड़ो. नए राज्यों में भाजपा को बढ़त मिलना, इसके सांसदों के लिए संदेश है कि क्षेत्र में काम करो, अकड़पन ठीक नहीं, हर मामले में आक्रामकता लोगों को आपसे दूर ही करती है.

**मोदी के कारण भाजपा बहुमत से दूर**

- अबकी बार 400 बार.
- इंडी गठबंधन वाले मेरा मुंह ना खुलवाएं, सात पीढ़ियों के पाप निकाल कर रख दूंगा.
- महात्मा गांधी को फिल्म बनने के पहले कोई नहीं जानता था, फिल्म बनने के बाद दुनिया ने जाना.
- उनको वोट बैंक की गुलामी करनी है तो करें, मुजरा करना है तो करें.
- बिजली कनेक्शन छीन लेंगे, आपके घर में अंधेरा कर देंगे.
- पानी के नल की टोंटी खोल लेंगे, बैंक से पैसा छीन लेंगे.
- दो भैंस है तो एक भैंस छीन लेंगे, मंगलसूत्र छीन लेंगे.
- जिनके ज्यादा बच्चे हैं, उनको बांट देंगे.
- सपा सरकार में आयी तो राम मंदिर पर बुल्डोजर चलवा देंगे.
- कांग्रेस के मेनिफेस्टो में मुस्लिम लीग की छाप.
- मटन-मछली बनाकर-खाकर हिंदुओं को चिढ़ाते हैं.
- रविवार की छुट्टी 200-300 साल से ईसाई समाज से जुड़ी है, हिंदुओं से जुड़ी नहीं है.
- मां के जाने के बाद मैं कन्विंस हो गया हूं कि मैं बायोलॉजिक नहीं हूं. ईश्वर ने मुझे भेजा है.
- मैं जिस दिन हिन्दू-मुस्लिम करूंगा, उस दिन सार्वजनिक जीवन का अंत होगा.

चुनाव परिणाम ने यह जता दिया है कि मोदी के कारण भाजपा बहुमत से दूर रह गई. खुद नरेंद्र मोदी की जीत का मॉर्जिन बहुत कम हो गया. वैसे उनके समर्थक हमेशा की तरह कह सकते हैं कि मोदी हैं, तभी इतनी सीटें आ गयीं. कोई और होता तो हालात ज्यादा खराब होते. पर, सच अलग है. चुनाव के दौरान यह साफ दिख रहा था कि नरेंद्र मोदी लगातार गलतबयानी कर रहे हैं. रैली में, इंटरव्यू में टीवी पर, इंटरव्यू में अखबारों में, हर जगह. ऐसा करने से उन्हें टोकने वाला कोई नहीं है. ना आयोग, ना पार्टी, ना मीडिया और ना विपक्ष. वह हर बात, हर समस्या को हिन्दू-मुस्लिम पर लाने की कोशिश करते रहें. यही बात भाजपा के लिए नुकसानदेह साबित हुआ. रही-सही कसर टीवी चैनलों व अखबारों ने पूरी कर दी, जो मोदी के साथ भाजपा के समर्थन में तन-मन-धन के साथ पिछले दस सालों से खड़े थे, चुनाव में भी खड़े दिखे. टीवी चैनलों ने मोदी की हर सभा का लाइव प्रसारण किया और अखबारों ने पहले पन्ने पर प्रकाशित किया. विपक्ष के नेताओं की सभाओं, रैलियों को ना तो टीवी पर प्रसारित किया गया ना ही बड़े अखबारों ने पहने पन्ने पर जगह देने में बड़प्पन दिखाया. मतदाताओं में एक तरह से ऊब पैदा होने लगी थी. जिसका असर भाजपा को मिलने वाले वोटों पर पड़ा. धर्म के नाम पर वोट मांगने पर चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नही की. वोट से ठीक एक-दो दिन पहले केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई होने लगी. इन सब वजहों से आम लोगों के बीच यही मैसेज गया कि मोदी राज में हर संवैधानिक संस्थान "पिंजरे का तोता" बन गया है. चुनाव आयोग व मीडिया सत्ता के पिछलग्गू बन गए हैं. लोकतंत्र के लिए यह ठीक नहीं है. भाजपा का इस बार के लिए 400 पार का नारा और उसके कुछ प्रत्याशियों द्वारा संविधान बदलने के लिए इसे जरूरी बताने का असर भी आम लोगों पर पड़ा.

| राज्यों की रेस | एनडीए | इंडिया |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश (80) | 38 | 42 |
| महाराष्ट्र (48) | 18 | 30 |
| पश्चिम बंगाल (42) | 10 | 32 |
| बिहार (40) | 30 | 10 |
| मध्य प्रदेश (29) | 29 | 00 |
| तमिलनाडु (39) | 00 | 38 |
| राजस्थान (25) | 14 | 11 |
| कर्नाटक (28) | 16 | 12 |
| दिल्ली (7) | 07 | 00 |
| आंध्र प्रदेश (25) | 23 | 02 |
| झारखंड (14) | 09 | 05 |

पेज 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 11, 12 भी देखें

www.lagatar.in

रांची, बुधवार 05 जून 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 57


आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

मोदी की हैट्रिक

# शुभम संदेश

जानादेश 2024

एक राज्य - एक अखबार



**वाराणसी से मोदी 1,52,513 मतों से जीते**

**रायबरेली से राहुल 3,90,030 मतों से जीते**



देश की जनता ने लगातार तीसरी बार एनडीए पर भरोसा जताया है. यह भारत के इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है. मैं इस स्नेह के लिए जनता को नमन करता हूं. मैं अपने सभी कार्यकर्ताओं को उनकी कड़ी मेहनत के लिए भी सलाम करता हूं. मेरे शब्द उनके असाधारण प्रयासों के लिए कम हैं.

–नरेंद्र मोदी, पीएम

**भाजपा का सफर**

| वर्ष | सीटें | वर्ष | सीटें |
|---|---|---|---|
| 1984 | 02 | 1999 | 180 |
| 1989 | 89 | 2004 | 138 |
| 1991 | 121 | 2009 | 116 |
| 1996 | 161 | 2014 | 282 |
| 1998 | 182 | 2019 | 303 |

**कांग्रेस का सफर**

| वर्ष | सीटें | वर्ष | सीटें |
|---|---|---|---|
| 1984 | 426 | 1999 | 114 |
| 1989 | 195 | 2004 | 141 |
| 1991 | 252 | 2009 | 206 |
| 1996 | 140 | 2014 | 44 |
| 1998 | 141 | 2019 | 46 |

**इन राज्यों में भाजपा ने किया क्लीन स्वीप**

मध्य प्रदेश–29
दिल्ली–07
उत्तराखंड–05
हिमाचल प्रदेश–04
अरुणाचल प्रदेश–02
त्रिपुरा–02

यहां शानदार प्रदर्शन
गुजरात–25
छत्तीसगढ़–10

कांग्रेस ने देश को एक नया गरीब–हितैषी दृष्टिकोण दिया. आप सबने देश का संविधान बचाने के लिए सबसे बड़ा कदम उठाया है. इसके लिए कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के नेताओं–कार्यकर्ताओं का धन्यवाद. ये लड़ाई संविधान को बचाने की थी. आपने संविधान को बचाने का सबसे बड़ा कदम ले लिया है.

– राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

# किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत नहीं

## तीसरी बार भरोसा जताने के लिए जनता को नमन : मोदी



**लगातार न्यूज नेटवर्क**

**नयी दिल्ली।** 18वीं लोकसभा चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद मंगलवार शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता और एनडीए कार्यकर्ताओं का आभार जताया. उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि देश की जनता ने लगातार तीसरी बार एनडीए पर भरोसा जताया है. यह भारत के इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है. मैं इस स्नेह के लिए जनता जनार्दन को नमन करता हूं और उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि हम जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए पिछले दशक में किए गए अच्छे कार्यों को जारी रखेंगे. पीएम मोदी ने आगे लिखा कि मैं अपने एनडीए के सभी कार्यकर्ताओं को उनकी कड़ी मेहनत के लिए भी सलाम करता हूं. मेरे ये शब्द उनके असाधारण प्रयासों के बहुत कम हैं.

वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने भी एक्स पर 'पोस्ट' कर जनता को धन्वाद कहा. उन्होंने लिखा कि भाजपा को तीसरी बार मिली यह जीत हमारे कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का प्रतिफल है. इस जीत के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी और देश के हर भू-भाग में मेहनत करने वाले सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को मैं बधाई देता हूं. आगे लिखा कि भाजपा के लिए उनके कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी पूंजी हैं. आप सभी ने जिस परिश्रम से उत्तर से दक्षिण और पूरब से पश्चिम तक गली-गली, घर-घर जाकर मोदी जी के लिए जनता का आशीर्वाद मांगा है, वह सचमुच सराहनीय है. मैं आप सभी को इस भगीरथ प्रयास के लिए मनपूर्वक शुभकामनाएं देता हूं.

## सरकार बनाएंगे या नहीं, आज दे देंगे जवाब : राहुल गांधी



**लगातार न्यूज नेटवर्क**

**नयी दिल्ली।** देश भर में करीब-करीब सभी लोकसभा सीटों के चुनाव नतीजे सामने आने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार शाम मीडिया से रूबरू हुए. इस दौरान पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी भी साथ थीं. सबसे पहले राहुल ने कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं का आभार जताया. उन्होंने कहा कि आप सबने देश का संविधान बचाने के लिए सबसे बड़ा कदम उठाया है.

इस दौरान उनके हाथ में भारत के संविधान की मूल प्रति भी थी. कांग्रेस नेता ने कहा कि जहां तक आप हमारी मदद कर सकते थे, उसी लेवल तक मदद की, इसके लिए जनता और पार्टी के कार्यकर्ताओं का धन्यवाद. कहा, कांग्रेस ने देश को एक नया गरीब-हितैषी दृष्टिकोण दिया. राहुल गांधी ने यह भी कहा कि चुनाव कांग्रेस-इंडिया गठबंधन और भाजपा के बीच नहीं था. ये चुनाव पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा कब्जा की गयी केंद्रीय जांच एजेंसियों और आधी संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ था. ये लड़ाई संविधान को बचाने की थी. उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस पार्टी का बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिया गया, मुख्यमंत्री को जेल में डाला गया, तो दिमाग में था कि भारत की जनता एक साथ होकर इन ताकतों के खिलाफ खड़ी हो जाएगी. आपने संविधान को बचाने का सबसे बड़ा कदम ले लिया है. राहुल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इंडिया गठबंधन के घटक दलों का सम्मान किया, जिसका नतीजा है कि इंडिया गठबंधन ने हिंदुस्तान को एक नया विजन साफ दे दिया है.

## दिग्गज

जीते | हारे

सीट : गांधीनगर




**अमित शाह** – भाजपा (जीते)
**सोनल आर पटेल** – कांग्रेस (हारे)

सीट : लखनऊ




**राजनाथ सिंह** – भाजपा (जीते)
**रविदास मेहरोत्रा** – समाजवादी पार्टी (हारे)

सीट : तिरुवनंतपुरम




**अखिलेश यादव** – समाजवादी पार्टी (जीते)
**सुब्रत पाठक** – भाजपा (हारे)

सीट : अमेठी




**किशोरी लाल शर्मा** – कांग्रेस (जीते)
**स्मृति ईरानी** – भाजपा (हारे)

सीट : विदिशा




**शिवराज सिंह चौहान** – भाजपा (जीते)
**प्रताप भानु शर्मा** – कांग्रेस (हारे)

सीट : कन्नौज




**शशि थरूर** – कांग्रेस (जीते)
**राजीव चंद्रशेखर** – भाजपा (हारे)

## भाजपा को 38.09%, कांग्रेस को 23.31% वोट

| दल | वोट % |
|---|---|
| भाजपा | 38.09% |
| कांग्रेस | 23.31% |
| सपा | 4.47% |
| टीएमसी | 3.58% |
| बसपा | 2.04% |
| TDP | 1.93% |
| शिवसेना (UBT) | 1.43% |
| CPI(M) | 1.81% |
| AAP | 1.28% |
| DMK | 1.27% |
| RJD | 1.27% |
| BJD | 1.19% |
| अन्य | 18.33% |

## उपचुनाव : कल्पना ने किया गांडेय का किला फतह



**गिरिडीह:** मंगलवार को गिरिडीह जिले में गांडेय विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए वोटों की गिनती के दौरान आगे बढ़ने पर झामुमो नेता कल्पना सोरेन का उनके पति और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां ने स्वागत किया।

### ओडिशा विधानसभा चुनाव

## भाजपा ने 77 सीटें जीतीं

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

भारतीय जनता पार्टी ओडिशा में अब तक का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 77 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल की है. निर्वाचन आयोग के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है. निर्वाचन आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, राज्य की कुल 147 विधानसभा सीटों में से बीजू जनता दल (बीजद) 51 सीटें जीत चुकी है, जबकि कांग्रेस ने 14 सीटों पर जीत हासिल की है. चिल्का विधानसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार पृथ्वीराज हेरचंद्रन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीजद उम्मीदवार रघुनाथ साहू को 4,566 मतों से हरा दिया, जबकि बरगढ़ विधानसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवार अश्विनी कुमार सारंगी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीजद नेता के देवेश आचार्य को 4,772 मतों से शिकस्त दी. झारसुगुड़ा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के टंकधर त्रिपाठी ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीजद की दिपाली दास को 1,333 मतों के अंतर से हरा दिया. राउरकेला विधानसभा सीट पर बीजद उम्मीदवार शारदा प्रसाद नायक ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के दिलीप कुमार रे को 3,552 मतों के अंतर से हराया.

**दलगत स्थिति**
- ओडिशा–147
- भाजपा 79
- बीजद–50
- कांग्रेस–14
- अन्य–04

### आंध्र प्रदेश चुनाव : नौ जून को चंद्रबाबू नायडू लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ: टीडीपी

## टीडीपी ने 134 सीटों पर दर्ज की जीत

**एजेंसी। अमरावती**

लोकसभा चुनाव के साथ आंध्र प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे भी मंगलवार देर शाम तक सामने आ गये. मतगणना के बाद एन चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी की वापसी तय हो गयी है. आंध्र प्रदेश की 175 विधानसभा सीटों में तेलगु देशम पार्टी को 134 सीटें आई हैं. वहीं, सहयोगी भाजपा के खाते में आठ सीटें आई हैं, जबकि सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस केवल 12 सीटों पर ही जीत दर्ज कर पायी. इधर, चुनाव परिणाम सामने आने के बाद टीडीपी घोषणा की है कि पार्टी प्रमुख के चंद्रबाबू नायडू नौ जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे. इससे पूर्व दोपहर बाद ही रूझान में स्पष्ट बहुमत आने के बाद टीडीपी के पार्टी मुख्यालय में जश्न का दौर शुरू हो गया था. बता दें कि राज्य में 13 मई को लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा चुनाव भी हुए थे. एक और कार्यकाल की तलाश में वाईएसआर कांग्रेस ने अकेले सभी 175 सीटों पर चुनाव लड़ा, जबकि टीडीपी ने 144 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे. पवन कल्याण की अगुआई वाली जन सेना पार्टी (जेएसपी) ने 21 सीटों पर और भाजपा ने 10 सीटों पर चुनाव लड़ा था. प्रमुख दावेदारों में निवर्तमान मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी (वाईएसआर कांग्रेस), टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू, जेएसपी के पवन कल्याण शामिल थे. वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख ने पुलिवेंडुला विधानसभा सीट से 61,000 से अधिक मतों के अंतर से चुनाव जीता है.

**दलगत स्थिति**
- आंध्र प्रदेश–175
- टीडीपी–136
- वाईएसआरपी–10
- भाजपा–08
- अन्य–21

**आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन रेड्डी ने हार मानी :** आंध्र प्रदेश के निवर्तमान मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि बिना किसी भ्रष्टाचार के कई कल्याणकारी कार्यक्रम चलाने के बावजूद विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी वाईएसआर कांग्रेस की हार के कारणों को वह समझ पाने में विफल हैं. जगन ने मीडिया से कहा कि पार्टी यहां से उठकर आगे बढ़ेगी तथा लोगों के भले के लिए उनके साथ जुड़ेगी. उन्होंने कहा कि मैं चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हूं. जो लोग (दल) सरकार बनाने के लिए (सत्ता में) आये हैं, उन सभी को शुभकामनाएं. वाईएसआर कांग्रेस पार्टी बेजुबानों की आवाज के रूप में काम करेगी.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

जनादेश झारखंड

रांची, बुधवार 05 जून 2024 ● ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 2, अंक : 57 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




कुल सीटें 14 भाजपा 08 कांग्रेस 02 झामुमो 03 आजसू 01

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की बड़ी हार, सीता के साथ समीर भी फ्लॉप | गांडेय विधानसभा उपचुनाव जीत कर कल्पना सोरेन का शानदार आगाज | भाजपा ने तीन सिटिंग सीटें खूंटी दुमका और लोहरदगा गंवाई | नौ सीटों पर एनडीए और पांच सीटों पर इंडिया गठबंधन का कब्जा

# झारखंड में एनडीए की घटी 5 सीटें, इंडिया ने दिखाया दम

**रवि भारती/ शुभम किशोर। रांची**

झारखंड में लोकसभा चुनाव का नतीजा काफी चौंकाने वाला रहा. इस चुनाव में इंडिया गठबंधन के खाते में पांच आदिवासी सीटें आईं. वहीं नौ सीटों पर एनडीए ने कब्जा जमाया है. इस चुनाव में एनडीए को झारखंड में तीन सीटों का नुकसान हुआ है. इंडिया गठबंधन ने राजमहल, दुमका, सिंहभूम, खूंटी और लोहरदगा सीट पर जीत हासिल की है. वहीं एनडीए ने गोड्डा, चतरा, गिरिडीह, कोडरमा, धनबाद, रांची, जमशेदपुर, पलामू और हजारीबाग सीट जीती है. लोकसभा चुनाव के नतीजों का असर अगली पांच महीने में झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव पर भी पड़ेगा. जिस मजबूती से इंडी गठबंधन ने चुनाव लड़ा और उसके सकारात्मक परिणाम उसे मिले, इससे उसका उत्साह चरम पर है. वहीं इसके ठीक उलट भाजपा खेमे में इस परिणाम से निराशा है.

## भाजपा को हुआ तीन सीटों का नुकसान

पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने झारखंड से 11 सीटें जीतीं थीं और उसके सहयोगी आजसू पार्टी के पास गिरिडीह की एक सीट थी. कुल मिला कर 12 सीटों में से इस बार आंकड़ा नौ पर ही सिमट गया. भाजपा ने तीन सीटिंग सीटें खूंटी, दुमका और लोहरदगा गंवाने के साथ राज्य की सभी एसटी आरक्षित सीटें गंवा दी हैं. इनमें राजमहल, दुमका, चाईबासा, लोहरदगा और खूंटी शामिल हैं.

### केंद्रीय नेतृत्व ने बाबूलाल मरांडी को दिया था फ्री हैंड

भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने बाबूलाल मरांडी को एक तरह से फ्री हैंड दिया था. पार्टी प्रत्याशियों के चयन का मामला हो या फिर संगठन का, सभी में बाबूलाल मरांडी ने अपनी पसंद के नेताओं को तरजीह दी. उन्होंने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को आश्वस्त किया था कि यदि उन्हें झारखंड में फ्री-हैंड दिया जाए, तो पार्टी के लिए लोकसभा में यहां से बेहतर परिणाम आयेंगे. इसी कड़ी में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को ओडिशा का राज्यपाल बना कर भेज दिया गया.

### गांडेय उपचुनाव में भी भाजपा हारी

लोकसभा चुनाव के साथ गांडेय विधानसभा के लिए हुए उपचुनाव में भी झामुमो प्रत्याशी कल्पनी सोरेन विजयी हुई हैं. इस सीट पर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने जीत हासिल की. कल्पना ने भाजपा उम्मीदवार दिलीप वर्मा को 26,483 वोटों के अंतर से हराया है.

## झारखंड की 14 लोकसभा सीटों से जीतने वाले प्रत्याशियों के नाम

**रांची**



संजय सेठ (भाजपा)

**खूंटी**



कालीचरण मुंडा (कांग्रेस)

**पलामू**



विष्णु दयाल राम (भाजपा)

**लोहरदगा**



सुखदेव भगत (कांग्रेस)

**हजारीबाग**



मनीष जायसवाल (भाजपा)

**कोडरमा**



अन्नपूर्णा देवी (भाजपा)

**गोड्डा**



निशिकांत दुबे (भाजपा)

**राजमहल**



विजय कुमार हांसदा (झामुमो)

**जमशेदपुर**



विद्युत वरण महतो (भाजपा)

**सिंहभूम**



जोबा मांझी (झामुमो)

**गिरिडीह**



चंद्रप्रकाश चौधरी (आजसू)

**दुमका**



नलिन सोरेन (झामुमो)

**धनबाद**



ढुल्लू महतो (भाजपा)

**चतरा**



कालीचरण सिंह (भाजपा)

## झारखंड का गौरव

### मानव की नीट-2024 में ऑल इंडिया रैंक वन



**रांची।** मानव प्रियदर्शी ने नीट 2024 अखिल भारतीय स्तर की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक वन हासिल किया है. मानव प्रियदर्शी जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली के छात्र हैं, जिन्होंने एनईईटी परीक्षा में शुरुआत से ही अखिल भारतीय रैंक- 01 (720/720) स्कोर करके सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए. जेवीएम श्यामली के 12वीं (एन) के छात्र मानव प्रियदर्शी ने अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में एनईईटी 2024 परीक्षा में एआईआर रैंक 1 हासिल कर अपने मेधा शक्ति का लोहा मनवाया है. स्कूल रिकॉर्ड के अनुसार, वह केजी से कक्षा तक जेवीएम श्यामली के छात्र रहे हैं. मानव खेल में भी अपनी रुचि रखते हैं. प्राचार्य समरजीत जाना और स्कूल के वाइस-चेयरमैन ने मानव को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी.

# औंधे मुंह गिरे झामुमो के बागी नेता जनता ने सिरे से खारिज कर दिया

- पार्टी नेतृत्व को देते रहे चुनौती, ताकत दिखाने का दंभ भरते रहे, पर हो गये फ्लॉप

**रवि भारती। रांची**

झारखंड की जनता ने झामुमो के बागी नेताओं को सिरे से नकार दिया है. यानि रिजेक्ट कर दिया. अपने दम पर चुनाव जीतने का दंभ भरने वाले बागी नेता औंधे मुंह गिर पड़े. चुनाव से पहले पार्टी नेतृत्व पर टिकट के लिए दबाव बनाते रहे. पार्टी लाइन से अलग हटकर अपनी मनमर्जी करते रहे. पार्टी के शीर्ष नेता उन्हें जितना मनाने की कोशिश करते, वे उतना ही ताव दिखाते थे. दावा करते रहे कि निर्दलीय लड़ कर ताकत दिखा देंगे. लेकिन चुनाव नतीजों ने साफ कर दिया कि जनता ने बागी व दलबदलू नेताओं को सिरे से खारिज कर दिया है. बागी ऐसा कुछ कर न सके, जैसे वे दंभ भरा करते थे. जनता ने उनकी सारी हेंकड़ी फुस्स कर दी. झामुमो केदो विधायक बागी हो गए. ऐन चुनाव के वक्त पार्टी नेतृत्व के निर्देशों की अनदेखी करते हुए चुनावी अखाड़े में कूद पड़े. इन नेताओं को पार्टी लाइन के खिलाफ काम करने के कारण पार्टी से निकाल भी दिया गया, लेकिन अब ये विधायक और नेता फिर से पार्टी में ही बने रहने की जुगत भिड़ा रहे हैं, ताकि अगले चार महीने में झारखंड में होनेवाले विधानसभा चुनाव में लाभ उठा सकें.

### वोट के लिए हांफते रहे बागी विधायक लोबिन हेंब्रम



झामुमो के बागी विधायक लोबिन हेंब्रम चुनाव के पहले और मतदान के बाद भी जीतने का दंभ भरते रहे. उन्होंने पार्टी लाइन से अलग हट कर खतियान को लेकर यात्रा भी निकाली थी, अपनी ही सरकार की नाकामियों को प्रचारित-प्रचारित भी किया. लेकिन हेंब्रम की दाल नहीं गली. उनकी हेंकड़ी गुम हो गयी. सब धरा का धरा ही रह गया. जनता ने उन्हें नकार दिया. खुद जिस विस क्षेत्र के नेतृत्व करते हैं, वहां भी उनकी एक न चली.

### चमरा लिंडा भी चारों खाने चित्त



झामुमो के बागी विधायक चमरा लिंडा भी औंधे मुंह गिरे. लोहरदगा से चुनावी समर में बागी प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंक कर उतरे. टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने पार्टी से दूरी बना ली थी. लोहरदगा सीट से वे निर्दलीय मैदान में कूद पड़े, लेकिन उनका दंभ भी धरा का धरा रह गया. जनता ने उन्हें नकार दिया.

**जयप्रकाश वर्मा और बसंत लोंगा को जनता ने कर दिया साइडलाइन :** झामुमो के बागी नेता जयप्रकाश वर्मा की भी नहीं चली. निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनावी समर में कोडरमा से संसदीय क्षेत्र से ताल ठोंकी. लेकिन उनका जीत का दावा धरा का धरा रह गया.

## बाबूलाल मरांडी की सारी रणनीति हुई फेल

# आदिवासी सीटों पर भाजपा धराशायी

- 2019 में रघुवर को लेकर उभरे गुस्से को बाबूलाल मरांडी सहित अन्य आदिवासी नेता पाटने में फेल हुए
- **कल्पना सोरेन, हेमंत का वैकल्पिक आदिवासी चेहरा बनकर उभरीं,5 सीटें जीतने में अहम रोल**

**कौशल आनंद। रांची**

झारखंड में अनुसूचित जनजाति, यानि आदिवासियों के लिए आरक्षित पांचों आदिवासी सीटों से भाजपा का सूपड़ा साफ हो गया है. भाजपा दुमका, राजमहल, चाईबासा, लोहरदगा और खूंटी सीट से बुरी तरह से हार गयी है. अब झारखंड की राजनीति में इसके मायने निकाले जाने शुरू हो गये हैं. सबसे अधिक चर्चा तो इस बात को लेकर है कि क्या हेमंत सोरेन को ईडी द्वारा जेल भेजने का फायदा भाजपा को नहीं मिल सका. या वह मौके का लाभ उठाने में ही बुरी तरह से फेल हो गयी. क्या हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन उन्हें जेल भेजने के मामले को ढंग से भुनाने में सफल रही. दूसरी ओर इस बात की भी चर्चा हो रही है कि क्या आदिवासियों को समझाने में बाबूलाल मरांडी फेल रहे या आदिवासियों ने बाबूलाल जी की सुनी ही नहीं.

**सीटिंग के साथ-साथ आदिवासी सीट बचाने में मरांडी रहे पूरी तरह विफल :** भाजपा ने अपनी पार्टी के सभी दिग्गज नेताओं को दरकिनार करते हुए बड़े आदिवासी चेहरा के रूप में शुमार रहे पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी को प्रदेश की कमान सौंपी थी.


बाबूलाल पर न केवल आदिवासी सीटों को बचाने की बड़ी चुनौती थी, बल्कि सीटिंग 11 सीटें भी बचाने की चुनौती थी. लेकिन इन दोनों कसौटियों पर मरांडी खरे नहीं उतर सके. भाजपा को उम्मीद थी कि जो गुस्सा 2019 के विधानसभा चुनाव के वक्त रघुवर के कारण उसे उठानी पड़ी थी, उसकी भरपाई मरांडी को अपने पाले में लाकर कर ली जाएगी, लेकिन ऐसा कुछ हो न सका.

## क्या झामुमो को मिल गया बड़ा वैकल्पिक आदिवासी चेहरा

हेमंत सोरेन की गैर मौजूदगी में उनकी पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन को कमान सौंपी गयी. कल्पना सोरेन ने 51 से अधिक चुनावी सभाएं कीं. 300 से अधिक छोटी-बड़ी नुक्कड़ सभा, पॉकेट मीटिंग की, रोड शो भी किया. उन्होंने लोकसभा ही नहीं सभी विधानसभा सीट पर प्रचार किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के नीतियों पर लगातार निशाना साधती रहीं.उन्होंने अपने हर भाषण में अपने पति पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया. तो क्या यह मान लिया जाए कि हेमंत सोरेन को जेल भेजने के मामले को भुनाने में झामुमो ने बाजी मार ली. क्या झामुमो को कल्पना सोरेन के रूप में बड़ा वैकल्पिक चेहरा मिल गया है.

### सोरेन परिवार को फोड़ने और कांग्रेस में सेंधमारी का भी फायदा मरांडी नहीं दिला पाये

बाबूलाल मरांडी ने यह रणनीति बनायी थी कि दो अहम आदिवासी सीट चाईबासा और दुमका वह सोरेन परिवार और कांग्रेस में सेंधमारी कर अपने पाले में कर लेंगे. इसलिए पहले उन्होंने सिंहभूम से कांग्रेस की सीटिंग एमपी गीता कोड़ा को भाजपा में शामिल करा कर उन्हें भाजपा का टिकट भी दिला दिया. दूसरा दुमका से अपने घोषित प्रत्याशी सुनील सोरेन को हटा कर सीता सोरेन को मैदान में उतारा. लेकिन मरांडी का यह दोनों हथकंडा काम न आया.

# चुनाव परिणाम को लेकर प्रशासन मुस्तैद

संवाददाता। सेन्हा (लोहरदगा)



शहर की सुरक्षा में मुस्तैद पुलिस की टीम.

लोकसभा निर्वाचन आम चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात मंगलवार को लोहरदगा लोकसभा चुनाव का मतगणना को लेकर सेन्हा थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर जगह-जगह सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया था.

सेन्हा थाना क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न चौक चौराहों पर उपद्रवियों तथा शरारती तत्वों से निपटने के लिए झारखंड पुलिस बल के जवान और गृह रक्षा के जवानों को अरु, सेन्हा, बक्सीडीपा, कंडरा, भड़गांव व कल्हेपाट सहित सभी जगहों पर तैनात किया गया था. बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के उपरांत तथा मतगणना के क्रम में किसी तरह का हंगामा या उपद्रव न हो मतगणना के दौरान सभी लोग अपने अपने घरों में दूरदर्शन और मोबाइल से लोकसभा चुनाव का परिणाम जानने के लिए व्यस्त रहे.

वहीं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस का परिणाम अच्छा देख विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ता सदमे में थे. वे काफी चिंतित हो उठे. लेकिन जीत के जश्न में शरारती तत्वों द्वारा शांति भंग न हो इसे लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर सेन्हा थाना क्षेत्र में जगह-जगह पर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया था. जबकि आदेशानुसार प्रशिक्षु एसपी सह थाना प्रभारी वेदांत शंकर सुरक्षा बल के साथ क्षेत्र का भ्रमण करते रहे. साथ ही तैनात पुलिस पदाधिकारी से जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे.

# चुनाव परिणाम को लेकर लोग उत्साहित

संवाददाता। मेदिनीनगर



कृषि बाजार समिति प्रांगण में मतगणना स्थल पर जुटी भाजपाइयों की भीड़.

लोकसभा चुनाव को लेकर सात चरणों में हुए मतदान की मतगणना मंगलवार को हुई. पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए हुए चुनाव का मतगणना कार्य स्थानीय जीएलए कॉलेज परिसर में किया गया. मतगणना कार्य को लेकर सुबह से ही लोगों में उत्साह देखा गया. बाजार व कचहरी परिसर में आम दिनों की अपेक्षा सन्नाटा छाया हुआ था.

बाजार में तो कई जगह दुकानदार अलग-अलग ग्रुप में टीवी पर मतगणना का रुझान देखकर चुनावी जोड़ घटाव में लगे दिखे. कई दुकानदारों ने बताया कि आज बाजार में पूरा सन्नाटा छाया हुआ है. कई दुकानदारों ने तो यह भी बताया कि सुबह से बोहनी भी नहीं हुई है. कचहरी परिसर का भी यही आलम था. अधिवक्ता हो या वकील सभी मतगणना का रुझान जानने में लगे हुए थे. इधर मतगणना को लेकर सुबह से ही मतदान केंद्रों पर लोगों की चहल-कदमी बढ़ गई थी. हर कोई पलामू संसदीय क्षेत्र के लिए प्रत्याशी को पड़े मतों को जानने के लिए बेताब दिखे. ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतगणना का रुझान जाने को लेकर लोगों में उत्सुकता दिखी.

डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने पलामू संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को जिताने के लिए डाल्टनगंज विस क्षेत्रवासियों को बधाई दी है. उन्होंने सांसद विष्णु दयाल राम से मिलकर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि मतगणना लगभग खत्म होने को है और भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम तीसरी बार पलामू लोकसभा के संसद के रूप में निर्वाचित होने जा रहे हैं.श्री चौरसिया ने कहा कि पूरे पलामू में सबसे ज्यादा मत हमारे विधानसभा क्षेत्र से भाजपा को वोट पड़ा है जिसके लिए हम अपने क्षेत्र वासियों के शुक्रगुजार हैं.

## भाजपा प्रत्याशी के निर्णायक बढ़त के बाद कार्यकर्ताओं का जश्न शुरू

# बम-पटाखा फोड़ा, त्रिपाठी भड़के

चतरा

संवाददाता। चतरा


पटाखा फोड़ने पर भड़के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी

चतरा में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के निर्णायक बढ़त के बाद मतगणना केन्द्र के समीप भाजपा के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया है. कार्यकर्ता बैंड-बाजे के साथ बम और पटाखा फोड़कर जीत का जश्न मनाने लगे हैं. भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह 12वें राउंड तक करीब एक लाख 25 हजार वोट से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी से आगे चल रहे हैं.भाजपा कार्यकर्ताओं के जश्न को देख बौखलाए कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने जश्न के आड़ में भाजपा के कार्यकर्ताओं और कालीचरण सिंह के समर्थकों पर फायरिंग करने का आरोप लगाया है. मामले को लेकर नाराज कांग्रेस प्रत्याशी ने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार व पुलिस के जवानो के साथ भी उलझ गये. जिसके बाद कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने मामले की शिकायत चतरा निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप से भी है. शिकायत के बाद मतगणना केंद्र के बाहर लोगों को पुलिस ने खदेड़ कर भगा दिया. साथ ही बैंड बाजे वाले लोगों को भी यहां से हटा दिया. कांग्रेस प्रत्याशी ने मतगणना के केंद्र के बाहर जश्न मनाने पर आपत्ति दर्ज की. चतरा में 22 प्रत्याशी मैदान में हैं. अब तक भाजपा ने सभी पांच विधानसभा से डेढ़ लाख से अधिक मत से बढ़त बना ली है. यहां पार्टी लगातार तीसरी बार जीत के कगार पर है. दो बार सांसद रहने वाले सुनिल सिंह का टिकट काटकर कालीचरण सिंह को भाजपा ने प्रत्याशी बनाया है.

# मतगणना केंद्र पर थी कड़ी सुरक्षा

संवाददाता। मेदिनीनगर



मतगणना स्थल पर पुलिस कर्मियों से बात करते वीडी राम.

स्थानीय जीएलए कॉलेज मतगणना केंद्र पर पलामू संसदीय सीट के लिए आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हुई. सुरक्षा को लेकर दंडाधिकारियों के साथ विभिन्न चौक चौराहों पर पुलिस की तैनाती थी. रेड़मा चौक से पोखराहा चौक तक पुलिस के कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी. वहीं मतगणना केंद्र स्थल पर कई लेयर में अंदर और बाहर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी. बिना पहचान पत्र के किसी को प्रवेश नहीं दिया जा रहा था. कड़ी सुरक्षा के कारण कई लोगों को परेशानी भी हुई.

मतगणना कवरेज को लेकर पहुंचे मीडिया कर्मी के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं दिखी. मीडिया कोषांग में लगभग 10 कुर्सियां लगी थी जिस कारण वहां पहुंचे मीडिया कर्मियों को बैठने का भी स्थान नहीं मिला. उन्हें मतगणना केंद्र के अंदर जाने की अनुमति नहीं थी. विष्णु गर्मी में भी वहां पेयजल की व्यवस्था नहीं थी. इस कारण दोपहर होते-होते तक मीडिया कोषांग लगभग खाली हो गया.

### मतगणना केंद्र पर नहीं मिल रही थी जानकारी

जीएलए कालेज स्थित मतगणना केंद्र पर हर राउंड में प्रत्याशियों को प्राप्त मतों की जानकारी देने के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र लगा हुआ था, लेकिन उसके द्वारा लोगों को जानकारी नहीं दी जा रही थी. पहले राउंड की मतगणना के बाद जब राजद कार्यकर्ताओं ने जानकारी नहीं मिलने की बात करते हुए हंगामा शुरू किया गया तब दूसरे राउंड की मतगणना की जानकारी ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रसारित की गई. हालांकि इसके बाद भी कई राउंड की मतगणना में प्रत्याशियों को प्राप्त मतों की जानकारी लोगों को नहीं मिल सकी और धीरे-धीरे मतगणना केंद्र स्थल खाली होता चला गया.

# कहीं छूटे पटाखे तो कहीं सिर पर हाथ फेरते रहे प्रत्याशी



जीत की खुशियां मनाते कार्यकर्ता.

संवाददाता। हजारीबाग

लोकसभा चुनाव का परिणाम आ चुका है. इसके साथ ही प्रत्याशियों में कहीं खुशी तो कहीं गम देखा जा रहा है. करीब 17 प्रत्याशी हजारीबाग लोकसभा सीट पर अपना किस्मत आजमा रहे थे. मंगलवार को रिजल्ट जारी होने से पहले प्रत्याशी अपने-अपने समर्थकों के साथ खुशियां मना रहे थे. सभी जीत का दावा कर रहे थे. लेकिन जैसे-जैसे राउंड बढ़ता गया वैसे-वैसे प्रत्याशी मायूस होते दिखे. शाम ढलते ही प्रत्याशी मतगणना स्थान से धीरे-धीरे हटने लगे. वहीं मंगलवार को सुबह छह बजे से दिन भर समर्थकों की भीड़ लगी रही. वहीं नौ राउंड में भाजपा के मनीष जायसवाल इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल से एक लाख वोट से बढ़ गए. इसके बाद भाजपा के समर्थकों में खुशियां छाने लगी. वह पटाखे और ताश के धुन पर झूमते हुए नजर आए. समर्थकों ने मिठाई भी खूब बांटी और तीन लाख से जीतने का दावा करने लगे.

वहीं गठबंधन प्रत्याशी जेपी पटेल आठवीं राउंड तक जीत का दावा करते रहे. उन्हें यह भी उम्मीद था कि रामगढ़, कुजू और मांडू का मतगणना चालू होगा तो भाजपा से लीड करेंगे लेकिन नौवें राउंड में वह हताश होकर वापस चले गए और समर्थकों में मायूसी छा गई.

# ये गरीब कल्याण की नीतियों की जीत : अन्नपूर्णा

संवाददाता। कोडरमा



झुमरीतिलैया में खुशियां मनाते भाजपा कार्यकर्ता.

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने अपनी जीत के लिए कोडरमा संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं, भाजपा और आजसू के सभी कार्यकर्ताओं और भाजपा संगठन से जुड़े सभी नेताओं के प्रति आभार प्रकट किया. उन्होंने कहा कि कोडरमा में सेवा, समर्पण और गरीब कल्याण की जीत हुई है. यह नारी सम्मान की जीत है. कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के जन जन और कण कण से उनके आत्मीय तथा भावनात्मक रिश्ते की जीत हुई है. उन्होंने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की यह विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को समर्पित है.

यह जीत गृह मंत्री अमित शाह के सशक्त भारत को समर्पित है और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सेवा - समर्पण - संगठन के सूत्र को समर्पित है. विजयी होने के बाद मीडिया से मुखातिब अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि मैं हमेशा कहती हूं कि मैं बहू बनकर कोडरमा आई और यहां के एक एक आंगन ने मुझे बेटी की तरह अपनाया. राजनीति के क्षेत्र में ऐसा स्नेह, इतनी आत्मीयता किस्मत वालों को नसीब होता है. मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं. यह आत्मीयता ही मुझे सेवा की प्रेरणा देती है. मेरे परिवारजनों ने एक बार फिर भरोसा जताते हुए मुझे सेवा का मौका दिया है. मैं आजीवन अनवरत अथक सेवा के माध्यम से परिवारजनों के स्नेह का ऋण सूद सहित चुकाने की कोशिश करूंगी.

### अन्नपूर्णा देवी की शानदार जीत



वहीं अन्नपूर्णा देवी की शानदार जीत और एनडीए के स्पष्ट बहुमत से झुमरीतिलैया स्थित सुभाष चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जबरदस्त उत्साह के साथ जश्न मनाया. भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और मिठाई बांटकर अपनी खुशी का इज़हार किया. भाजपा नेता रमेश हर्षधर ने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और मोदी सरकार की नीतियों का परिणाम है. उन्होंने आगे कहा की यह जनता की जीत है, जिन्होंने सही उम्मीदवार को चुना और एनडीए के नेतृत्व में विश्वास जताया. अरशद खान ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और जनता का समर्थन इस जीत की नींव है. हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है और हम सभी मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए काम करेंगे. मौके पर भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे. जिनमें राजेंद्र सिंह, संजय यादव, विनोद भदानी, भारत बक्शी, दीपक यादव, सुमन यादव, सोनू चंद्रवंशी और रोहित जायसवाल सहित मौजूद थे. सभी ने एक-दूसरे को बधाई दी और अन्नपूर्णा देवी की जीत को पार्टी और क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया.

# खूंटी में कालीचरण डेढ़ लाख वोट से जीत गए



जीत की खुशियां मनाते कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा व कार्यकर्तागण.

संवाददाता। खूंटी

झारखंड की सबसे हॉट सीटों में शामिल खूंटी लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज कर ली है. जीत की आधिकारिक घोषणा का इंतजार है. कांग्रेस के कालीचरण मुंडा ने करीब डेढ लाख से अधिक वोटों से अर्जुन मुंडा को पछाड़ दिया है. मीडिया से बातचीत में कहा कि खूंटी के विकास के लिए काम करेंगे और खूंटी को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना उनकी प्राथमिकता होगी.

बता दें कि कालीचरण मुंडा के पिता टी. मुचिराय मुंडा बिहार सरकार में आठ बार मंत्री और छह बार (1967 से 1992 के बीच) विधायक रह चुके हैं, जिसमें खूंटी और तमाड़ से तीन-तीन बार विधायक रहे हैं. तमाड़ विधानसभा क्षेत्र से कालीचरण मुंडा दो बार (1992-2000) विधायक रह चुके हैं. वर्तमान में वे प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष हैं. खूंटी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने लगातार तीसरी बार कालीचरण मुंडा को टिकट दिया है. 2014 के चुनाव में उन्हें भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा ने हराया था. 2019 के चुनाव में वे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से महज 1445 वोटों से हार गए थे. इस बार भी दो मुंडाओं के बीच सीधा मुकाबला था. कालीचरण मुंडा के छोटे भाई नीलकंठ सिंह मुंडा भाजपा में हैं.

### पहले राउंड से ही आगे रहे भाजपा प्रत्याशी, चौथे स्थान पर रहा नोटा

## भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने 288622 मतों के अंतर से जीती पलामू सीट

मेदिनीनगर। जीएलए कॉलेज मतगणना केंद्र पर सुबह 8 बजे से पलामू संसदीय सीट के लिए 9 प्रत्याशियों समेत एक नोटा को प्राप्त मतों की गिनती शुरू हुई. गिनती शुरू होने के साथ है भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम पहले राउंड से ही बढ़त बनाए रहे और अंतत उन्होंने जीत दर्ज की दूसरे स्थान पर राजद प्रत्याशी ममता भुइयां व तीसरे स्थान पर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी कामेश्वर बैठा रहे. प्राप्त मतों के आधार पर चौथे स्थान पर नोटा रहा.अंतिम राउंड की मतगणना के बाद भाजपा प्रत्याशी ने 288622 मतों के अंतर से बड़ी जीत दर्ज की. उन्हें कुल 762290 मत प्राप्त हुए. वहीं दूसरे स्थान पर रही राजद प्रत्याशी ममता भुइयां को कुल 473668 मत मिले हैं. तीसरे स्थान पर रहे बहुजन समाज पार्टी प्रत्याशी कामेश्वर बैठा को 39267 मत मिला है. चौथे स्थान पर नोटा को 24226 मतदाताओं ने वोट किया. अन्य प्रत्याशियों में राष्ट्रीय समानता दल के ब्रजेश कुमार तुरी को 17542, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ़ इंडिया(कम्युनिस्ट) के महेंद्र बैठा को 5097, बहुजन मुक्ति पार्टी के रामबचन राम को 4924, पीपुल्स पार्टी ऑफ़ इंडिया(डेमोक्रेटिक) के वृंदा राम को 11205, लोकहित अधिकार पार्टी के सनन राम को 17849 व निर्दलीय गणेश रवि को 17669 मत प्राप्त हुए हैं. कुल 21 राउंड में 1337345 इवीएम से प्राप्त मतों समेत 18298 पोस्टल बैलेट मतों की भी गिनती की गई.


विष्णु दयाल राम

# कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव जीत का सेहरा बांध जश्न की तैयारी में जुटे



सेन्हा (लोहरदगा) । लोकसभा चुनाव परिणाम को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) के द्वारा गिनती के पूर्व कार्यकर्ताओं ने अवलोकन किया. जिसमें शतप्रतिशत परिणाम सामने आ ही गया. लेकिन भारतीय जनता पार्टी को लोहरदगा लोकसभा सीट से करारी हार की उम्मीद नहीं थी. जिसका परिणाम उल्टा देखने व सुनने को मिल रहा है. लोहरदगा लोकसभा सीट को कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) प्रत्याशी सुखदेव भगत ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव के पूर्व रणनीति तैयार किया. उसका असर देखने को मिला. यह भी कहा जा रहा है कि जनता ने इंडिया गठबंधन की आवाज को बुलंद करने में सकारात्मक सोच के साथ कदम से कदम मिलाकर चल जीत का सेहरा पहनाने में भरपूर सहयोग किया.


क्लासिफाइड

मुकेश ज्वेलर्स एंड संस
मुकेश जेम्स एंड ज्वेलरी
सोने-चांदी हीरे जवाहरात और रत्नों के विशेषज्ञ
ज्योतिष परामर्श केंद्र
शेरे पंजाब चौक (दयाल ट्रेड सेंटर के बगल में), आदित्यपुर
मो. 9431342548/8789502278

उत्कर्ष साइंस इंटर कॉलेज
SCIENCE • ARTS
नामांकन जारी है।
सत्र: 2024-2026
OUR SPECIAL FEATURES
No Need For Private Tuition
Free English Spoken Classes
Extra Classes For Weak Students
Scholarship is available
छात्राओं का निःशुल्क नामांकन
Lal Mohan Kumar
Secretary
सम्पर्क सूत्र :- 7991141963, 7209563687, 7970724567

GEETA INTER COLLEGE, H.BAG
SCIENCE | ARTS | COMMERCE
Admission is Going On
Session : 2024-2026
Features :
Girls Campus : With Hostel
Boys Campus : Without Hostel Facility
Zabra, Korrah, Hazaribagh
9835486174, 99054 84481, 8210363904


लातेहार

## साप्ताहिक हाट के दिन भी सड़क थी सुनसान, दिन भर टीवी से चिपके रहे लोग

# भाजपाइयों ने जीत के बाद बांटी मिठाइयां, की आतिशबाजी

आशीष टैगोर । लातेहार


लड्डू बांटते भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता.

चतरा संसदीय सीट से भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगायी है. कालीचरण सिंह ने राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के केएन त्रिपाठी को हरा कर भाजपा की साख चतरा सीट पर कायम रखी. बता दें कि पिछले दो टर्म से भाजपा के सुनील सिंह चतरा के सासंद थे. इस बार भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने सुनील सिंह का पत्ता काट कर कालीचरण सिंह को चतरा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया था और कालीचरण सिंह ने शीर्ष नेतृत्व के भरोसे को कायम रखा. हालांकि देश भर में भाजपा का प्रदर्शन आशा के अनुरूप नहीं रहा.

चतरा से भाजपा की जीत पर लातेहार जिला में भाजपाइयों ने खुशियां मनायी. लड्डू बांटे और आतिशबाजी की. शहर के रेलवे स्टेशन रोड में बजरंग टेंट हाउस के पास भाजपाइयों ने स्टॉल लगा कर आम राहगीरों के बीच लड्डू बांटे गये. मौके पर महावीर दुबे, संतोष कुमार दुबे, रंजीत कुमार, जीतेंद्र प्रसाद, राकेश सिंह, गौतम सिंह, लक्ष्मी प्रसाद, आजसू के जिला उपाध्यक्ष बिट्टू दास आदि मौजूद थे.

### दिन भर टीवी से चिपके रहे लोग

: इससे पहले लोकसभा चुनाव का परिणाम जानने के लिए लोग दिन भर टीवी से चिपके रहे. इस कारण सड़क पर लोगों की आवाजाही कम देखी गयी.

साप्ताहिक मंगलवारीय हाट होने के बावजूद भी शहर की सड़कें वीरान थीं. शहर के अति व्यस्त बाइपास चौक में भी वीरानी छायी थी. वाहनों का आवागमन तो हो रहा था, लेकिन उसमें यात्री कम देखे गये. ऑटो चालक संजय से पूछने पर उसने बताया कि आज काफी कम यात्री देखे गये. साप्ताहिक हाट में भी कम लोग आने के कारण धंधा थोड़ा मंदा रहा. शहर के कई प्रतिष्ठानों में लोगों को सामूहिक रूप से टीवी में चुनाव का परिणाम देखते देखा गया.

### पूर्व विधायक ने कालीचरण सिंह को बधाई दी

पूर्व विधायक प्रकाश राम ने भाजपा की जीत पर प्रत्याशी कालीचरण सिंह को बधाई दी. उन्होने कहा कि कालीचरण सिंह आम मतदाताओं के विश्वास पर खरे उतरेंगे. उनके कार्यकाल में चतरा संसदीय क्षेत्र का विकास होगा. वे यहां की समस्याओं को संसद तक पहुंचाने में सफल होंगे. मौके पर गौरव दास पांडेय, लातेहार मुखिया संघ के अध्यक्ष सुभाष सिंह समेत कई लोग मौजूद थे.

### सुबह से चौक-चौराहों पर पसरा रहा सन्नाटा

चंदवा। मंगलवार की सुबह से ही चंदवा के चौक-चौराहों में सन्नाटा छाया था. जहां हमेशा नेताओं का जमावड़ा लगा रहता था, आज वहां की कुर्सियां दिनभर खाली पड़ी रही. भाजपा के पक्ष में चुनाव परिणाम आने पर यहां खुशी देखी गयी. लोगों ने मिठाइयां बांटी और अपने पैसों से पटाखे आदि का आतिशबाजी करना शुरू कर दिया. ठेला पर पानी-पुरी बेच अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले युवक ने रसगुल्ला खरीद अगल-बगल के लोगों के बीच बांट खुशी का इजहार किया. मौके पर रिक्की वर्मा, रुपेश ठाकुर, दीपक कुमार, मोहित वर्मा, श्याम सुंदर कुमार साव, अजय कुमार व राजेश चंद्रवंशी आदि मौजूद थे.

### चतरा में भाजपाइयों ने निकाला विजय जुलूस, उफान पर कार्यकर्ताओं का उत्साह

# मेरी नहीं, चतरा लोस क्षेत्र के जनता की जीत : काली चरण सिंह

संवाददाता ।चतरा

मंगलवार को चतरा जिला मुख्यालय के अलावे विभिन्न प्रखंडों में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी प्रत्याशी काली चरण सिंह की जीत पर जश्न मनाया. इस दौरान कार्यकर्ताओं में जोश देखते ही बन रहा था. कार्यकर्ता भारत माता की जय, प्रत्याशी के जिंदाबाद के नारे लगाते हुए जीत की खुशी मना रहे थे. सभी एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर खुशी मनाया1 इस अवसर पर पार्टी समर्थक सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे.



**राजद ने 2004 में की थी जीत दर्ज** | लोकसभा चुनाव 2004 में राष्ट्रीय जनता दल से धीरेंद्र अग्रवाल ने चतरा सीट पर कब्जा किया था. दूसरे स्थान पर जनता दल यूनाइटेड के इंदर सिंह नामधारी व भारतीय जनता पार्टी के नागमणि तीसरे स्थान पर रहे थे.

### 225494 मतों से बीजेपी ने चतरा में जीत दर्ज की

चतरा। मंगलवार को लोकसभा चुनाव 2024 के चतरा लोकसभा से भाजपा काली कालीचरण सिंह ने दो लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज की. चतरा लोकसभा के सांसद बनने के बाद श्री सिंह ने अपने हाथों से भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच जीत के लड्डू का वितरण किया. इस दौरान श्री सिंह नें पत्रकारों से कहा कि यह जीत चतरा लोकसभा के जनता व पार्टी कार्यकर्ताओं की है, मैं तो केवल निमित्त मात्र हूं.




## भाजपा के कार्यकर्ताओं तक पहुंचा नाश्ता, राजद कार्यकर्ता हुए मायूस

संवाददाता ।मेदिनीनगर

जीएलए कॉलेज मतगणना केंद्र पर भाजपा और राजद ने अपने एजेंट बैठा रखे थे. दोनों पार्टियों ने एजेंट को लेकर पानी में नाश्ते की व्यवस्था कर रखी थी. दिन के लगभग के 11:00 बजे बीजेपी एजेंट के लिए नाश्ता लेकर वहां मतगणना केंद्र स्थल पर पहुंचा लेकिन इसे सुरक्षाकर्मियों ने रोक दिया. बाद में भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम मौके पर पहुंचे और



उन्होंने पलामू एसपी रिष्मा रमेशन से बात की इसके बाद नाश्ते का पैकेट लेकर वहां मतगणना केंद्र स्थल पर पहुंचा. वही राजद कार्यकर्ताओं के लिए नाश्ता लेकर पहुंचे वाहन को केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया गया. इस वाहन को मतगणना केंद्र के अंदर जाने के लिए पास इशू नहीं किया गया था. इसे लेकर राजद प्रत्याशी ममता भुइया मौके पर पहुंची लेकिन उन्हें बताया गया कि एंट्री पास नहीं होने के कारण वाहन अंदर नहीं जा सकता है.

### राजद प्रत्याशी ममता भुईयां ने जताया मतदाताओं का आभार

**मेदिनीनगर** । पलामू संसदीय सीट की मतगणना पूरी होने के बाद राजद प्रत्याशी ममता भुइयां ने पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता को अपना आशीर्वाद देने के लिए आभार जताया है. उन्होंने कहा कि यह जनता का निर्णय है और मैं इसे स्वीकार करती हूं. उन्होंने कहा कि जनता से प्राप्त आशीर्वाद से हमारा मनोबल बढ़ा है और मैं आगे भी जनता की सेवा में लगी रहूंगी.






## छतरपुर विधायक ने मतदाताओं को दी बधाई

**मेदिनीनगर।** पलामू संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम की प्रचंड जीत के लिए छतरपुर विधायक पुष्पा देवी व पूर्व सांसद मनोज कुमार ने पलामू व गढ़वा जिला के मतदाताओं को बधाई दी है. उन्होंने भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को भी कर्मठ व्यक्ति बताते हुए जीत के लिए बधाई दी है. छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि इस जीत में छतरपुर पाटन विस क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों का सामूहिक प्रयास रहा है और यह जीत छतरपुर पाटन के आमलोगों के प्रयास की जीत है. पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम योग्य व कर्मठ व्यक्ति हैं. पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता ने उनके पूर्व के कार्यों को देखा और परखा है. यह जीत उसी का परिणाम है. उन्होंने भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए पलामू सांसद के क्षेत्र के मतदाताओं समेत पाटन छतरपुर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं व समर्थकों का आभार जताते हुए उन्हें भी इस जीत के लिए बधाई दी है.








# झारखंड की 14 सीटें किसको मिला जनता का आशीर्वाद





## जीत की खुशी हार का मातम

झारखंड में 14 लोकसभा सीटों के चुनाव परिणाम आने के साथ ही एक बार फिर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है. जीत के खेमें में जहां जश्न का माहौल है, वहीं हारने वाले प्रत्याशी और उनके समर्थकों के बीच मायूसी छा गई है. जीतने और हारने वाले प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ मतदान परिणाम की समीक्षा करते देखे गए. सुबह से ही मतगणना केंद्रों के साथ-साथ टीवी से भी लोग चिपके थे. हर कोई अपने मनपसंद नेता और सीट के परिणाम को लेकर उतावला था. शाम तक रुझान परिणाम में बदलने लगे थे और जीत का जश्न शुरू हो गया था. इस समय झारखंड में जीतने वाले नेता और उनके समर्थक जीत के जश्न में डूबे हैं.



### पलामू
| | |
|---|---|
| वीडी राम | 770362 वोट मिले |
| जीत का अंतर | 288807 |
| निकटतम प्रतिद्वंदी: ममता भुईयां | 481555 वोट मिले |

### लोहरदगा
| | |
|---|---|
| सुखदेव भगत | 466976 वोट मिले |
| जीत का अंतर | 132440 |
| निकटतम प्रतिद्वंदी: समीर उरांव | 334536 वोट मिले |

### हजारीबाग
| | |
|---|---|
| मनीष जायसवाल | 647416 वोट मिले |
| जीत का अंतर | 275775 |
| निकटतम प्रतिद्वंदी: जेपी पटेल | 371641 वोट मिले |





### जमशेदपुर
| | |
|---|---|
| विद्युत वरण महतो | 726174 वोट मिले |
| जीत का अंतर | 259782 |
| निकटतम प्रतिद्वंदी: समीर मोहंती | 466392 वोट मिले |

### सिंहभूम
| | |
|---|---|
| जोबा मांझी | 520164 वोट मिले |
| जीत का अंतर | 168402 |
| निकटतम प्रतिद्वंदी: गीता कोड़ा | 351765 वोट मिले |

### गिरिडीह
| | |
|---|---|
| सीपी चौधरी | 451139 वोट मिले |
| जीत का अंतर | 80880 |
| निकटतम प्रतिद्वंदी: मथुरा महतो | 370259 वोट मिले |



### कोडरमा
| | |
|---|---|
| अन्नपूर्णा देवी | 762710 वोट मिले |
| जीत का अंतर | 367981 |
| निकटतम प्रतिद्वंदी: विनोद सिंह | 394729 वोट मिले |

### गोड्डा
| | |
|---|---|
| निशिकांत दूबे | 693140 वोट मिले |
| जीत का अंतर | 101813 |
| निकटतम प्रतिद्वंदी: प्रदीप यादव | 591327 वोट मिले |

### राजमहल
| | |
|---|---|
| विजय हांसदा | 611389 वोट मिले |
| जीत का अंतर | 177268 |
| निकटतम प्रतिद्वंदी: ताला मरांडी | 434121 वोट मिले |

### रांची



| | |
|---|---|
| संजय सेठ | 664732 वोट मिले |
| जीत का अंतर | 120512 |
| निकटतम प्रतिद्वंदी: यशस्विनी सहाय | 544220 वोट मिले |

### खूंटी



| | |
|---|---|
| कालीचरण मुंडा | 511647 वोट मिले |
| जीत का अंतर | 149675 |
| निकटतम प्रतिद्वंदी: अर्जुन मुंडा | 361972 वोट मिले |



### दुमका
| | |
|---|---|
| नलिन सोरेन | 547370 वोट मिले |
| जीत का अंतर | 22527 |
| निकटतम प्रतिद्वंदी: सीता सोरेन | 524843 वोट मिले |

### धनबाद
| | |
|---|---|
| ढुल्लू महतो | 782423 वोट मिले |
| जीत का अंतर | 330065 |
| निकटतम प्रतिद्वंदी: अनुपमा सिंह | 452358 वोट मिले |

### चतरा
| | |
|---|---|
| कालीचरण सिंह | 566658 वोट मिले |
| जीत का अंतर | 225494 |
| निकटतम प्रतिद्वंदी: केएन त्रिपाठी | 341164 वोट मिले |

# गाण्डेय से कल्पना सोरेन विजयी





## आ गया जनादेश

*झारखंड में चार चरणों में हुए शांतिपूर्ण मतदान के बाद मंगलवार को जनादेश भी आ गया. सुबह आठ बजे से अलग अलग केन्दों में शुरू हुए मतगणना के रुझान दस बजे तक आने लगे थे. दोपहर होते होते प्रत्याशियों के बीच हार-जीत का फांसला भी तय होना शुरु हो गया था. देर शाम तक मतदान के नतीजे भी सामने आने आ गए. इस बार झारखंड के संसदीय चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन पिछली बार की तुलना में थोड़ा फीका रहा. अनुमान के विपरीत भाजपा को कम सीटें मिली. वहीं इंडिया गठबंधन कई सीटों पर बाजी मार गया. राजनीति के जानकार इसे हाल के महीने में झारखंड में मची उथल पुथल का परिणाम मान रहे हैं.*

**गिरिडीह ।** गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो की प्रत्याशी पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन चुनाव जीत गई हैं. उन्होंने बीजेपी के प्रत्याशी दिलीप वर्मा को 27,149 मतों से पराजित किया. इस उपचुनाव में कल्पना सोरेन को 1,09,827 वोट मिले, वहीं दिलीप वर्मा को 82,678 वोट मिले. चुनाव जीतने के बाद कल्पना सोरेन ने मतगणना स्थल पर जाकर जीत का प्रमाण पत्र लिया. मौके पर मंत्री हफीजुल हसन, राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे.

# झारखंड की 14 लोकसभा सीटें : जानिए किस प्रत्याशी को कितने वोट मिले

| प्रत्याशी | राजनीतिक दल | वोट |
|---|---|---|
| **राजमहल लोकसभा** | | |
| गोपिन सोरेन | सीपीआई ( एम ) | 37107 |
| ताला मरांडी | भाजपा | 429807 |
| मरियम मरांडी | बहुजन समाज पार्टी | 8207 |
| विजय कुमार हांसदा | झामुमो | 605994 |
| अजीत मरांडी | राष्ट्रीय जनसंभावना पार्टी | 11214 |
| खलीफा किस्कू | पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया | 4077 |
| पॉल सोरेन | एआईएमआईएम | 7844 |
| मुंशी किस्कू | नवयुग प्रगतिशील मोर्चा | 2767 |
| लीली हांसदा | समाता पार्टी | 2678 |
| विनोद कुमार मंडल | लोकहित अधिकार पार्टी | 3768 |
| दीपा टुडू | निर्दलीय | 6828 |
| महेश पहाड़िया | निर्दलीय | 14896 |
| लोबिन हेंब्रम | निर्दलीय | 41553 |
| सेबेस्टिन हेंब्रम | निर्दलीय | 9477 |
| **दुमका लोकसभा** | | |
| नलिन सोरेन | झामुमो | 547370 |
| परेश मरांडी | बहुजन समाज पार्टी | 7733 |
| सीता मुर्मू | भाजपा | 524843 |
| अनिल टुडू | लोकहित अधिकार पार्टी | 6818 |
| अलेश हांसदा | इंडियन नेशनल सोशलिस्टिक एक्शन फोर्सेस | 1674 |
| जोनाथन मार्डी | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया | 1651 |
| मुन्नी हांसदा | समता पार्टी | 1758 |
| राजू एमानुएल मुर्मू | अंबेडकर पार्टी ऑफ इंडिया | 3060 |
| राजेश किस्कू | कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया | 11506 |
| कमिश्नर मुर्मू | निर्दलीय | 2516 |
| निर्मल सोरेन | निर्दलीय | 1713 |
| बघराई सोरेन | निर्दलीय | 2253 |
| बिरेन मोहली | निर्दलीय | 4418 |
| बेबीलता टुडू | निर्दलीय | 19360 |
| मनोज हेंब्रम | निर्दलीय | 4816 |
| महाशन मुर्मू | निर्दलीय | 21372 |
| डॉ श्रीलाल किस्कू | निर्दलीय | 9416 |
| संजय टुडू | निर्दलीय | 2174 |
| सुशांति हेंब्रम | निर्दलीय | 5152 |
| **गोड्डा लोकसभा** | | |
| निशिकांत दुबे | भाजपा | 693140 |
| प्रदीप यादव | कांग्रेस | 591327 |
| बजरंगी महता | बहुजन समाज पार्टी | 8175 |
| अनूप कुमार | प्राउटिस्ट ब्लॉक, इंडिया | 2007 |
| अरुण कुमार | न्याय धर्म सभा | 2893 |
| कालीपदा मुर्मू | सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया | 1941 |
| कुमारी दिलेश्वरी | अंबेडकर पार्टी ऑफ इंडिया | 6581 |
| केतन कुमार | राइट टू रिकॉल पार्टी | 1898 |
| ज्ञानेश्वर झा | जागरूक जनता पार्टी | 1640 |
| तिपलाल साह | लोकहित अधिकार पार्टी | 1770 |
| ब्रजकिशोर पंडित | एबीएमवीएमपी | 2108 |
| रामेश्वर मंडल | पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया | 3316 |
| सूरज कुमार अमन | भागीदारी पार्टी ( पी ) | 3073 |
| अभिषेक आनंद झा | निर्दलीय | 9636 |
| अरुण मारिक | निर्दलीय | 17437 |
| उदय शंकर खवारे | निर्दलीय | 26837 |
| निलेश कुमार गुप्ता | निर्दलीय | 10488 |
| मुकेश कुमार झा | निर्दलीय | 7366 |
| डॉ के रंगाइय | निर्दलीय | 2210 |
| **रांची लोकसभा से 27 उम्मीदवार** | | |
| मनोज कुमार | बहुजन समाज पार्टी | 6250 |
| यशस्विनी सहाय | कांग्रेस | 521582 |
| संजय सेठ | भारतीय जनता पार्टी | 640698 |
| धनंजय भगत 'गांधी' | मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल | 6683 |
| धर्मेंद्र तिवारी | भारतीय जनतंत्र मोर्चा | 3014 |
| निपु सिंह | राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी | 7724 |
| पंकज कुमार रवि | पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया | 2705 |
| प्रवीण कच्छप | सम्पूर्ण भारत क्रांति पार्टी | 2810 |
| बिनोद उरांव | बहुजन मुक्ति पार्टी | 2486 |
| बिरेंद्र नाथ मांझी | अबुआ झारखंड पार्टी | 3079 |
| मिंटू पासवान | सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया | 2121 |
| रंजना गिरि | रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ( ए ) | 3151 |
| रामहरि गोप | अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया | 6206 |
| श्याम बिहारी प्रजापति | भागीदारी पार्टी | 6435 |
| सर्वेश्वरी साहू | एकम सनातन भारत दल | 4683 |
| सोमा सिं | जय महाभारत पार्टी | 10178 |
| हरिनाथ साहू | लोक अधिकार पार्टी | 4056 |
| हेमंती देवी | समता पार्टी | 3973 |
| अरसद अयूब | निर्दलीय | 5294 |
| अंजनी पांडे | निर्दलीय | 1380 |
| ऐनुल अंसारी | निर्दलीय | 2501 |
| कामेश्वर प्रसाद साव | निर्दलीय | 1614 |
| कोलेश्वर महतो | निर्दलीय | 1681 |
| देवेंद्र नाथ महतो | निर्दलीय | 129298 |
| प्रबीण चन्द्र महतो | निर्दलीय | 2813 |
| मनोरंजन भट्टाचार्य | निर्दलीय | 2493 |
| संतोष कुमार जायसवाल | निर्दलीय | 2721 |
| **गिरिडीह से 16 लोकसभा प्रत्याशी** | | |
| कमल प्रसाद | बहुजन समाज पार्टी | 14074 |
| चंद्र प्रकाश चौधरी | आजसू पार्टी | 451139 |
| मथुरा प्रसाद महतो | झारखंड मुक्ति मोर्चा | 370259 |
| मो. ऐनुल अंसारी | बहुजन मुक्ति पार्टी | 6939 |
| ज्ञानेश्वर प्रसाद | लोकहित अधिकार पार्टी | 5356 |
| पप्पू कुमार निषाद | भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी | 3216 |
| प्रमोद राम | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया | 3825 |
| शिवजी प्रसाद | राइट टु रिकॉल पार्टी | 4254 |
| सुभाष कुमार ठाकुर | सर्व समाज पार्टी | 2517 |
| उषा सिंह | निर्दलीय | 3761 |
| कलावती देवी | निर्दलीय | 5430 |
| जयराम कुमार महतो | निर्दलीय | 347322 |
| द्वारका प्रसाद लाला | निर्दलीय | 5627 |
| रामेश्वर दुसाध | निर्दलीय | 11020 |
| सुनीता टुडू | निर्दलीय | 10944 |
| सुबोध कुमार यादव | निर्दलीय | 13106 |
| **धनबाद लोकसभा से 25 प्रत्याशी** | | |
| अनुपमा सिंह | इंडियन नेशनल कांग्रेस | 452358 |
| ढुल्लू महतो | भारतीय जनता पार्टी | 782423 |
| मोहन सिंह | बहुजन समाज पार्टी | 5594 |
| अकबर अली | अखिल भारतीय परिवार पार्टी | 3031 |
| कृष्ण चंद्र सिंह राज | समता पार्टी | 2818 |
| दीपक कुमार दास | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया | 1720 |
| परवेज नैयर | आजाद समाज पार्टी ( कांशी राम ) | 1157 |
| राजीव तिवारी | सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया | 1810 |
| रेजाउल हक | लोकहित अधिकार पार्टी | 2642 |
| संजय कुमार गिरी | अखिल भारत हिन्दू महासभा | 1617 |
| अनिंदिता दास | निर्दलीय | 2655 |
| मो. इकलाख अंसारी | निर्दलीय | 78885 |
| उमेश पासवान | निर्दलीय | 2554 |
| कामेश्वर प्रसाद वर्मा | निर्दलीय | 4002 |
| जगदीश रवानी | निर्दलीय | 27498 |
| जनक साह गोंड | निर्दलीय | 12759 |
| मो. जहिरुद्दीन खान | निर्दलीय | 6501 |
| तुलसी महतो | निर्दलीय | 5372 |
| त्रिदेव कुमार महतो | निर्दलीय | 1126 |
| निताई दत्ता | निर्दलीय | 1694 |
| प्रेम प्रकाश पासवान | निर्दलीय | 516 |
| मोहम्मद ताफाजुल हुसैन | निर्दलीय | 682 |
| मोहम्मद फैजल खान | निर्दलीय | 1994 |
| लक्ष्मी देवी | निर्दलीय | 2600 |
| सुनैना किन्नर | निर्दलीय | 3430 |
| **जमशेदपुर लोकसभा से 25 प्रत्याशी** | | |
| प्रणव कुमार महतो | बहुजन समाज पार्टी | 6051 |
| विद्युत वरण महतो | भारतीय जनता पार्टी | 718802 |
| समीर कुमार महांती | झारखंड मुक्ति मोर्चा | 451217 |
| आनंद महतो | आमरा बंगाली | 4833 |
| अरुण कुमार वर्मा | भारतीय आजाद सेना | 1782 |
| अशोक कुमार | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया | 2028 |
| डोमन चंद्र भकत | भागीदारी पार्टी ( पी ) | 1334 |
| धार्मू टुडू | अंबेडकर पार्टी ऑफ इंडिया | 3243 |
| मनोज गुप्ता | लोकहित अधिकार पार्टी | 2339 |
| महेश कुमार | राइट टु रिकॉल पार्टी | 1941 |
| शेख आखिरउद्दीन | बहुजन महा पार्टी | 2074 |
| सनका महतो | सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया | 3122 |
| सुकुमार सोरेन | भारत आदिवासी पार्टी | 3830 |
| अरुण महतो | निर्दलीय | 7271 |
| आनंद मुखी | निर्दलीय | 6321 |
| इन्द्र देव प्रसाद | निर्दलीय | 8398 |
| जी जयराम दास | दलीय | 1913 |
| जितेंद्र सिंह | निर्दलीय | 3155 |
| जुझार सोरेन | निर्दलीय | 4192 |
| ज्ञान सागर प्रसाद | निर्दलीय | 1030 |
| पार्वती किस्कू | निर्दलीय | 961 |
| बब्लू प्रसाद दांगी | निर्दलीय | 1131 |
| विश्वनाथ महतो | निर्दलीय | 5212 |
| साधु चरण पाल | निर्दलीय | 2269 |
| सौरभ विष्णु | निर्दलीय | 2223 |
| **चतरा लोकसभा से प्रत्याशी** | | |
| महेश बांडो | बहुजन मुक्ति पार्टी | 3159 |
| लव कुमार पंडित | भागीदारी पार्टी | 2371 |
| दुलेश्वर साव | भारतीय जवान किसान पार्टी | 2375 |
| कालीचरण सिंह | भाजपा | 568912 |
| कृष्णानंद त्रिपाठी | कांग्रेस | 348110 |
| अर्जुन कुमार | भाकपा | 14062 |
| नागमणि | बसपा | 11792 |
| योगेश कुमार सिंह | झारखंड पार्टी | 5111 |
| विक्रांत कुमार सिंह | निर्दलीय | 2289 |
| अमित कुमार सिंह | निर्दलीय | 31961 |
| अर्जुन प्रजापति | निर्दलीय | 13332 |
| विमल लकड़ा | अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया | 4981 |
| सुमित कुमार यादव | समाटा पार्टी | 3497 |
| डॉ अभिषेक कुमार सिंह | निर्दलीय | 14038 |
| संजय कुमार स्नेही | लोक अधिकार पार्टी | 3205 |
| श्रीराम सिंह | निर्दलीय | 2990 |
| चंदन कुमार | निर्दलीय | 6574 |
| कर्मलाल उरांव | पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया | 3968 |
| कामदेव डीहो राणा | राष्ट्रीय जन उत्कर्ष पार्टी | 3968 |
| दर्शन गंझु | झारखंड पार्टी | 2718 |
| दीपक कुमार गुप्ता | निर्दलीय | 12384 |
| जयप्रकाश सिंह भोगता | निर्दलीय | ---- |
| मोहम्मद अबुजर खान | निर्दलीय | 5825 |
| **हजारीबाग लोकसभा से प्रत्याशी** | | |
| संजय कुमार मेहता | निर्दलीय | 156298 |
| जय प्रकाश भाई पटेल | इंडियन नेशनल कांग्रेस | 371641 |
| राजकुमार दल | झारखंड पार्टी | 1885 |
| श्याम बिहारी प्रजापति | भागीदारी पार्टी ( पी ) | 1818 |
| कुंज बिहारी कुमार | लोकहित अधिकार पार्टी | 4220 |
| मनोज कुमार बेदिया | निर्दलीय | 2559 |
| मनीष कुमार जायसवाल | भारतीय जनता पार्टी | 647416 |
| छठी देवी | अखिल भारतीय परिवार पार्टी | 3296 |
| भुनेश्वर बेदिया | समता पार्टी | 2236 |
| विनोद कुमार राणा | निर्दलीय | 4831 |
| निशांत कुमार सिन्हा | पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, डेमोक्रेटिक | 3932 |
| अनिरुद्ध कुमार | कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया | 10428 |
| शशि भूषण केसरी | निर्दलीय | 15373 |
| मोहम्मद मोइनउद्दीन अहमद | बहुजन समाज पार्टी, बीएसपी | 7395 |
| मोहम्मद सिराज | निर्दलीय | 5503 |
| अभिषेक कुमार | निर्दलीय | 2963 |
| प्रकाश सोनी | भारतीय आजाद सेना | 1209 |
| **कोडरमा लोकसभा से प्रत्याशी** | | |
| अन्नपूर्णा देवी | भाजपा | 787185 |
| विनोद कुमार सिंह | भाकपा माले | 410945 |
| प्रो. जयप्रकाश वर्मा | आईएनडी | 22843 |
| जयनारायण दास | बीएमपी | 6701 |
| मनोज कुमार | आईएनडी | 28310 |
| राजेश | आईएनडी | 4230 |
| रामेश्वर | ----- | 00000000 |
| सीटन रविदास | बीएसपी | 13067 |
| मो. सगीर | आईएनडी | 5041 |
| रामेश्वर प्रसाद यादव | आईएनडी | 4227 |
| सुरेंद्र कुमार | आईएनडी | 6946 |
| जीतलाल किस्कू | आईएनडी | 5299 |
| तौहिद अंसारी | ----- | 00000000 |
| अजय कृष्णा | एमएसपी | 4526 |
| शहादत अंसारी | आईएनडी | 8317 |
| आशीष कुमार | आरटीआरपी | 2892 |
| अक्लेश्वर साव | लोखप | 5574 |
| **सिंहभूम लोकसभा में 14 प्रत्याशी** | | |
| दामोदर सिंह हांसदा | निर्दलीय | 43838 |
| बिसवा विजय मार्डी | अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया | 3067 |
| सुधा रानी बेसरा | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया | 2398 |
| परदेशी लाल मुंडा | बहुजन समाज पार्टी | 8708 |
| दुर्गा लाल मुर्मू | निर्दलीय | 4912 |
| माधव चंद्रा कुनकल | निर्दलीय | 19729 |
| जोबा माझी | जेएमएम | 515989 |
| चित्रसेन सिंकु | झारखंड पार्टी | 3188 |
| बीर सिंह देवगम | राइट टू रिकॉल पार्टी | 1919 |
| गीता कोड़ा | बीजेपी | 349006 |
| पनमनी सिंह | सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया | 1793 |
| संग्राम मार्डी | निर्दलीय | 16097 |
| आशा कुमारी | निर्दलीय | 2736 |
| कृष्णा मार्डी | झारखंड मुक्ति मोर्चा | 2597 |
| **खूंटी लोकसभा से 7 प्रत्याशी** | | |
| अर्पणा हंस | झारखंड पार्टी | 8532 |
| बसंत कुमार लोंगा | निर्दलीय | 10755 |
| अर्जुन मुंडा | बीजेपी | 361972 |
| काली चरण मुंडा | कांग्रेस | 511647 |
| बबीता कच्छप | भारत आदिवासी पार्टी | 4594 |
| पस्तर संजय कुमार तिर्की | निर्दलीय | 4963 |
| सावित्री देवी | बहुजन समाज पार्टी | 12300 |
| **लोहरदगा लोकसभा से 15 प्रत्याशी** | | |
| महेंद्र उरांव | कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया | 15243 |
| चमरा लिंडा | निर्दलीय | 41420 |
| रामचंद्र भगत | लोकहित अधिकार पार्टी | 3894 |
| समीर उरांव | बीजेपी | 308858 |
| स्टेफ़न किंडो | निर्दलीय | 6775 |
| बिहारी भगत | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया | 6805 |
| सनिया उरांव | निर्दलीय | 9683 |
| मैरिएनस तिग्गा | निर्दलीय | 8447 |
| पवन तिग्गा | निर्दलीय | 3391 |
| मनी मुंडा | भागीदारी पार्टी ( पी ) | 2209 |
| सुखदेव भगत | कांग्रेस | 435873 |
| अर्जुन टोप्पो | आजाद समाज पार्टी ( कांशी राम ) | 2438 |
| गिरजानंद उरांव | बहुजन समाज पार्टी | 8157 |
| रंजीत भगत | निर्दलीय | 4968 |
| अर्पण देव भगत | निर्दलीय | 2557 |
| **पलामू लोकसभा से 9 प्रत्याशी** | | |
| विष्णु दयाल राम | बीजेपी | 770362 |
| ममता भुइयां | राजद | 481555 |
| महेंद्र बैठा | सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया | 5115 |
| वृंदा राम | पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया | 11270 |
| कामेश्वर बैठा | बहुजन समाज पार्टी | 40000 |
| सनम राम | लोकहित अधिकार पार्टी | 17875 |
| राम वचन राम | बहुजन मुक्ति पार्टी | 4953 |
| गणेश रवि | निर्दलीय | 17699 |
| ब्रजेश कुमार तुरी | राष्ट्रीय समानता दल | 17566 |
| **गांडेय विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी** | | |
| कल्पना मुर्मू सोरेन | झामुमो | 106406 |
| मो. सईद आलम | निर्दलीय | 1814 |
| अवधेश कुमार सिंह | निर्दलीय | 1117 |
| दिलीप कुमार वर्मा | भाजपा | 81958 |
| मो. शब्बीर अंसारी | निर्दलीय | 735 |
| इंतेखाब अंसारी | एआईएमआईएम | 4433 |
| मो. कौसर आजाद | निर्दलीय | 1987 |
| ताहिर अंसारी | राष्ट्रीय समानता दल | 1014 |
| शहादत अंसारी | निर्दलीय | 1056 |
| अर्जुन बैठा | निर्दलीय | 6892 |
| गुलाब प्रसाद वर्मा | निर्दलीय | 782 |

## झारखंड से 2019 में जीत दर्ज करने वाले नेता

| सीट | प्रत्याशी | पार्टी |
|---|---|---|
| चतरा | सुनील कुमार सिंह | भाजपा |
| धनबाद | पीएन सिंह | भाजपा |
| दुमका | सुनील सोरेन | भाजपा |
| गिरिडीह | चंद्रप्रकाश चौधरी | आजसू |
| गोड्डा | निशिकांत दूबे | भाजपा |
| हजारीबाग | जयंत सिन्हा | भाजपा |
| जमशेदपुर | विद्युत वरण महतो | भाजपा |
| खूंटी | अर्जुन मुंडा | भाजपा |
| कोडरमा | अन्नपूर्णा देवी | भाजपा |
| लोहरदगा | सुदर्शन भगत | भाजपा |
| पलामू | बीडी राम | भाजपा |
| राजमहल | विजय हांसदा | झामुमो |
| रांची | संजय सेठ | भाजपा |
| चाईबासा | गीता कोड़ा | कांग्रेस |




भारत के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने बताया भारत को सबसे बड़ा खतरा फखर जमां से है

# पाकिस्तान की टीम कुछ मैच विनर खिलाड़ियों को छोड़कर 'कमजोर'

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान 9 जून को न्यूयॉर्क में चल रहे टी20 विश्व कप 2024 में एक बार फिर ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता करेंगे. दोनों टीमों के बीच पिछले दो टी20 विश्व कप मुकाबलों में दोनों पक्षों ने जीत दर्ज की है. पाकिस्तान ने 2021 टी20 विश्व कप में भारत को 10 विकेट से हराया था, जबकि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने एक साल बाद ऑस्ट्रेलिया में चार विकेट से जीत दर्ज करके बदला ले लिया. दोनों टीमें पिछले साल वनडे विश्व कप में भी भिड़ी थीं और भारत ने उस मैच में भी जीत दर्ज की थी.

भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबलों को लेकर हमेशा ही कुछ न कुछ चर्चा होती रहती है, लेकिन इस बार भारत के पूर्व बल्लेबाज मोहम्मद कैफ ने इस ब्लॉकबस्टर मैच को लेकर हो रही चर्चा को कमतर आंका है. कैफ के अनुसार, इस बार पाकिस्तान की टीम कुछ मैच विनर खिलाड़ियों को छोड़कर 'कमजोर' है. कैफ ने एक चर्चा के दौरान कहा- हर कोई जानता है कि पाकिस्तान की बल्लेबाजी कमजोर है. फखर जमां थोड़ा तेज खेलते हैं. अगर वह अच्छा खेलते हैं तो शायद वह अकेले मैच जीत सकते हैं. इफ्तिखार अहमद तेज खेलते हैं, लेकिन इसके अलावा हर कोई 120 से 125 की स्ट्राइक रेट से खेलता है. आप उनकी बल्लेबाजी से नहीं बल्कि उनकी गेंदबाजी से डरते हैं.



मोहम्मद कैफ

**भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल , अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज
रिजर्व : शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान

**पाकिस्तान टीम**

बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमां, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, सैम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान.

कैफ ने हालांकि भारत को पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह पर नजर रखने की चेतावनी दी, जिन्होंने पिछले टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के लिए शानदार प्रदर्शन किया था. उन्होंने कहा- उनके पास शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह होंगे. नसीम शाह भारत में विश्व कप खेलने नहीं आए थे. वह चोटिल हो गए थे, लेकिन वह यहां फिट हैं. यह उछाल वाली पिच होगी. नसीम शाह बहुत अच्छे गेंदबाज हैं. अगर आप मेलबर्न मैच की बात करें, जिसमें विराट कोहली ने जीत में अहम भूमिका निभाई थी. अगर आप नसीम शाह का पहला स्पैल देखें तो एक कैच स्लिप में छूट गया था.

इंडोनेशिया ओपन

## लक्ष्य सेन दूसरे दौर में पहुंचे

**जकार्ता। एजेंसी**

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जापान के केंटा सुनेयामा को हराकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया . सेन ने 40 मिनट के भीतर 21 . 12, 21 . 17 से जीत दर्ज की . फ्रेंच ओपन और आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर ओलंपिक क्वालीफिकेशन हासिल करने वाले सेन का सामना अब इंडोनेशिया के सातवीं वरीयता प्राप्त एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग और जापान के केंटा निशिमोतो के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा . भारत के किरण जॉर्ज को चीन के हांग यांग वेंग के हाथों 21 . 11, 10 . 21, 20 . 22 से पराजय झेलनी पड़ी . मिश्रित युगल में भारत के बी सुमीत रेड्डी और सिक्की रेड्डी ने अमेरिका के विंसन चियू और जेनी गेइ को 18 . 21, 21 . 16, 21 . 17 से हराया . अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के सि वेइ झेंग और कियोंग हुआंग तथा इंडोनेशिया के रेहान नौफाल कुशारजांतो और लिसा आयु कुसुमवती के बीच होने वाले मैच की विजेता जोड़ी से होगा .



### ब्रीफ खबरें

#### अर्जुन फिडे रेटिंग में विश्व में शीर्ष पांच में

**नयी दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने फ्रेंच टीम शतरंज चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करके फिडे रेटिंग में पांचवां स्थान हासिल कर लिया और लाइव रेटिंग में वह सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय हैं .अर्जुन के ईएलओ रेटिंग अंक 2769 . 7 हैं और उन्होंने इसमें 8 . 7 अंक का इजाफा किया है. उनसे आगे नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन,अमेरिका के हिकारू नकामूरा और फेबियानो कारूआना और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि हैं.

#### शतरंज : प्रज्ञानानंदा ने लिरेन को हराया

**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन के खिलाफ आर्मगेडोन पर मिली हार का बदला चुकता करते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में जीत दर्ज की हालांकि इससे पहले चीनी खिलाड़ी ने मजबूत स्थिति में पहुंचकर खुद गलतियां की थी जो उन पर भारी पड़ी . पहला मुकाबला ड्रॉ रहा और प्रज्ञानानंदा ने आर्मागेडोन में बाजी मारी . नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नकामूरा के खिलाफ धीमी शुरूआत की और आर्मागेडोन में हार गए.

#### नोवाक जोकोविच ने किया क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

**पेरिस।** दाहिने घुटने के दर्द से जूझने के बावजूद नोवाक जोकोविच ने अपने से युवा प्रतिद्वंद्वी को साढे चार घंटे तक चले मुकाबले में पांच सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया . दूसरे सेट की शुरूआत में जोकोविच पीठ के बल लेट गए थे और लग रहा था कि उन्हें मुकाबला छोड़ना होगा लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए 23वीं रैंकिंग वाले फ्रांसिस्को सेरूंडोलो को 6 . 1, 5 . 7, 3 . 6, 7 . 5, 6 . 3 से हराया.

#### म्यूनिख विश्व कप में ईशा छठे स्थान पर

**म्यूनिख।** निशानेबाज ईशा सिंह म्यूनिख में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप की महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में छठे स्थान पर रहीं जिससे प्रतियोगिता में भारत का पहले पदक का इंतजार जारी रहा. ईशा ने फाइनल में 20 अंक जुटाए. फ्रांस की कैमिली जेद्रेवस्की ने स्वर्ण पदक जीता.कैमिली ने खिताब की दौड़ में जर्मनी की डोरीन वेनेकैंप को पछाड़ा. विजेता का फैसला करने के लिए दो शूट ऑफ का सहारा लेना पड़ा. दोनों निशानेबाज 10 सीरीज के बाद 40 अंक के साथ बराबर थीं.

अफगानिस्तान ने की टी-20 विश्व कप में चौथी बड़ी जीत दर्ज

# अफगानिस्तान ने युगांडा को 125 रनों से हराया

**एजेंसी। प्रोविडेंस (गुयाना)**

तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी के पांच विकेट और रहमानुल्लाह गुरबाज तथा इब्राहिम जदरान के बीच पहले विकेट की शतकीय साझेदारी की मदद से अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप के पहले मैच में युगांडा को 125 रन से हराया. कोलकाता नाइट राइडर्स के सलामी बल्लेबाज गुरबाज ने 45 गेंद में 76 रन बनाये, जबकि जदरान ने 46 गेंद में 70 रन की पारी खेली . दोनों ने पुरूषों के टी20 विश्व कप में पहले विकेट के लिये सर्वोच्च 154 रन की साझेदारी की जिसकी मदद से अफगानिस्तान ने पांच विकेट पर 183 रन बनाये.

बायें हाथ के तेज गेंदबाज फारूकी ने चार ओवर में नौ रन देकर पांच विकेट लिये. विश्व कप में पहली बार उतरी युगांडा की टीम 16 ओवर में 58 रन पर आउट हो गई. फारूकी दो बार हैट्रिक लेने के करीब पहुंचे थे. पहली गेंद पर चौका पड़ने के बाद उन्होंने बेहतरीन इनस्विंगर पर रौनक पटेल को आउट किया. इसके बाद रोजर मुकासा पगबाधा आउट हो गए. आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिये खेल चुके फारूकी ने 13वें ओवर में तीन और विकेट लेकर टी20 क्रिकेट में कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया. उन्होंने रियाजत अली शाह को बोल्ड किया और युगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा को गुरबाज के हाथों लपकवाया . वह हैट्रिक से चूक गए लेकिन ओवर की आखिरी गेंद पर एक और विकेट लिया . इससे पहले अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाजों ने आक्रामक शुरूआत की . गुरबाज ने पारी की दूसरी ही गेंद पर छक्का जड़ा . जदरान ने दिनेश नकरानी के छठे ओवर में लगातार चार चौके लगाये . पावरप्ले के आखिर में अफगानस्तान ने 11 रन प्रति ओवर की दर से रन बना डाले थे. गुरबाज ने चार चौके और चार छक्के लगाये और अपना अर्धशतक सिर्फ 28 गेंद में पूरा किया. जदरान ने नौ चौके और एक छक्का जड़ा . ऐसा लग रहा था कि दोनों पूरे 20 ओवर खेल जायेंगे लेकिन युगांडा के गेंदबाजों ने वापसी की और उन्हें 200 रन के भीतर रोक दिया . अफगानिस्तान का सामना अब न्यूजीलैंड से होगा .



**स्कोर बोर्ड**
अफगानिस्तान: 183/5
युगांडा: 58/10

**फारूकी का शानदार प्रदर्शन**

अफगानिस्तान के लिए फजल हक फारूकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट झटके . इसी के साथ फजलहक अफगानिस्तान के लिए टी–20 में किसी मैच में पांच विकेट लेने वाले पांचवें गेंदबाज बन गए . उनसे पहले राशिद खान, करीम जनत, समिउल्लाह शिनवारी और मुजीब उर रहमान ऐसा कर चुके है . फारूकी का यह प्रदर्शन अफगानिस्तान के लिए टी–20 में किसी गेंदबाज का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है . फारूकी ने अपनी स्पैल में सिर्फ नौ रन दिए .

**खास बातें**

- बाएं हाथ के गेंदबाज फारूकी ने पांच विकेट चटकाये
- आईपीएल में हैदराबाद के लिये खेल चुके हैं फारूकी

**पुरुष टी20 विश्व कप का न्यूनतम स्कोर**

- 39 नीदरलैंड बनाम श्रीलंका 2014
- 44 नीदरलैंड बनाम श्रीलंका 2021
- 55 वेस्टइंडीज बनाम इंग्लैंड 2021
- 58 युगांडा बनाम अफगानिस्तान 2024
- 60 न्यूजीलैंड बनाम श्रीलंका 2014

**टी20 में अफगानिस्तान के 5 विकेट लेने वाले गेंदबाज**

- 5/3 राशिद खान आयरलैंड 2017
- 5/9 फजलहक फारूकी युगांडा 2024
- 5/11 करीम जनत वेस्टइंडीज 2019

**युगांडा ने टी20 विश्व कप का चौथा न्यूनतम स्कोर बनाया**

युगांडा का विश्व कप में यह पहला ही मैच था और टीम प्रभावित करने में पूरी तरह नाकाम रही . युगांडा ने पुरुष टी20 विश्व कप का चौथा न्यूनतम स्कोर बनाया . नीदरलैंड के नाम इस वैश्विक टूर्नामेंट में सबसे कम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड दर्ज है . लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने पहले ही ओवर में दो विकेट गंवा दिए . युगांडा की टीम अंत तक इन झटकों से उबर नहीं सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा .

## गेंदबाजी कोच के रूप ब्रावो को शामिल करना शानदार कदम: ट्रॉट

**एजेंसी। प्रोविडेंस (गयाना)**

अफगानिस्तान के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट ने मंगलवार को कहा कि मौजूदा टी-20 विश्व कप के लिए ड्वेन ब्रावो को गेंदबाजी कोच के रूप में टीम के साथ जोड़ना काफी अच्छा रहा क्योंकि वेस्टइंडीज के इस पूर्व क्रिकेटर ने उनका काम आसान कर दिया. बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी के नौ रन पर पांच विकेट के अलावा रहमानुल्लाह गुरबाज (76) और इब्राहिम जादरान (70) के अर्धशतक और दोनों के बीच पहले विकेट की ठोस सोझदारी से अफगानिस्तान ने युगांडा को यहां 125 रन से हराया.

अफगानिस्तान की जीत के बाद मीडिया से बात करते हुए ट्रॉट ने ब्रावो को श्रेय दिया जो उनके अनुसार टीम के गेंदबाजों के रवैये में बदलाव लाए. ट्रॉट ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'डीजे (ड्वेन ब्रावो) का टीम से जुड़ना शानदार रहा. खिलाड़ी के रूप में काफी अनुभव रखने वाले बेहतरीन कोच का होना (बहुत बढ़िया है) जबकि इस प्रारूप में उसे फ्रेंचाइजी क्रिकेट का भी काफी अनुभव है. कहा कि उनके जैसे खिलाड़ी के कोच के रूप में टीम से जुड़ने से आपका काम बहुत आसान हो जाता है और इससे इससे कोचिंग भी बेहतर होती है, विशेषकर गेंदबाजों के साथ. युगांडा की टीम 16 ओवर में 58 रन पर आउट हो गई. टीम भले ही अपने पहले टी-20 विश्व कप मैच में हार गई हो लेकिन कप्तान ब्रायन मसाबा सकारात्मक पहलुओं पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रहे थे. मसाबा ने कहा, 'हमारे लिए बहुत खास पल, अपना राष्ट्रगान सुनना और विश्व कप में अपना झंडा देखना.



## पिछले एक दशक में अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हूं : पैट कमिंस

**ब्रिजटाउन ।** आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग में सफलता के बाद वह टी-20 विश्व कप में पिछले एक दशक में अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में है. कमिंस शनिवार को ब्रिजटाउन पहुंचे . उनकी कप्तानी में सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल में फाइनल तक पहुंची थी .कमिंस ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा ,' शायद मैं दस साल में अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हूं .' आस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान कमिंस ने कभी वेस्टइंडीज में नहीं खेला है. उन्हें आईपीएल के अपने अनुभव के दम पर अच्छे प्रदर्शन का यकीन है . उन्होंने कहा ,' हमने आईपीएल में लगातार 17 मैच खेले. टी-20 क्रिकेट में दूसरे प्रारूपों की तुलना में सटीक यॉर्कर या धीमी गेंदों की अधिक जरूरत होती है और मैने इस प्रारूप में अच्छी गेंदबाजी की है.' उन्होंने कहा ,' टी-20 गेंदबाजी में आपके गेंद डालने का सीक्वेंस सोचकर रखना अहम होता है.

#### विहारी को एसीए से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिला


**नयी दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज हनुमा विहारी को राज्य संघ से मतभेद के बाद आखिरकार आंध्र क्रिकेट संघ (एसीए) से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल गया.मार्च में इस टेस्ट क्रिकेटर ने संघ पर उन्हें कप्तानी से हटाने का आरोप लगाया था और राज्य के लिए फिर से नहीं खेलने की बात कही थी जिसके बाद एसीए ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था. एक्स पर एक पोस्ट में विहारी ने लिखा कि वह पिछले दो महीनों से एनओसी मांग रहे थे और अंततः सोमवार को उन्हें यह मिल गया. घरेलू क्रिकेट में दूसरे राज्यों से खेलने के लिए एक खिलाड़ी को अपने घरेलू संघ से एनओसी की आवश्यकता होती है.उन्होंने राज्य चुनाव में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) की भारी जीत का जिक्र करते हुए लिखा, 'मैं दो महीने से एनओसी मांग रहा हूं, उन्हें चार बार ईमेल किया.

## फिल सॉल्ट ने कहा, यहां सब कुछ मेरे अनुकूल है

**एजेंसी। ब्रिजटाउन (बारबाडोस)**

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट के लिए टी20 विश्व कप के लिए कैरेबियाई सरजमीं पर आना एक तरह से घर वापसी है. सॉल्ट 10 साल की उम्र में बारबडोस आये थे और पांच साल तक यहां रहे थे. इंग्लैंड की टीम ने 2010 में जब टी20 विश्व कप जीता तो वह दर्शक दीर्घा में मौजूद थे. सॉल्ट इसके बाद इंग्लैंड वापस चले गए और एक उभरते हुए खिलाड़ी के रूप में उनके पास वेस्टइंडीज के लिए भी खेलने का विकल्प था.

सॉल्ट ने विश्व कप के लिए आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट से कहा, ''इस जगह की हर चीज मेरे लिए उपयुक्त है. काफी शांत, ढेर सारा क्रिकेट, ढेर सारा खेल और द्वीप पर मेरे बहुत सारे दोस्त हैं.' इंग्लैंड की टीम बुधवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी और दाएं हाथ के इस आक्रामक बल्लेबाज ने वनडे में पहली बार खेलने के छह महीने बाद जनवरी 2022 में अपना टी20 अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था. उन्होंने कहा, 'मैंने यहां इंग्लैंड को खेलते देखा (2010 टी20 विश्व कप) है, उन्हें जीतते हुए देखा. मुझे लगता है कि स्टेडियम में दर्शकों के बीच मौजूद हर बच्चा एक दिन खुद मैदान में खेलने का सपना संजोता है, मैं भी ऐसा ही करना चाहता था लेकिन उस दिन शायद कोई विश्वास नहीं करता.



## कोहली पारी की शुरुआत करें, तीसरे नंबर पर उतरे यशस्वी : गावस्कर

**एजेंसी । न्यूयॉर्क**



महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि आयरलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप के पहले मैच में विराट कोहली को कप्तान रोहित शर्मा के साथ भारत के लिये पारी का आगाज करना चाहिये जबकि यशस्वी जायसवाल को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिये. टी-20 विश्व कप में कोहली के बल्लेबाजी क्रम को लेकर काफी चर्चा हो रही है . वह लंबे समय से सीमित ओवरों में तीसरे नंबर पर उतरते आये हैं. आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिये उन्होंने 15 मैचों में 741 रन बनाये.गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, 'रोहित शर्मा और विराट कोहली को पारी का आगाज करना चाहिये.

फ्रेंच ओपन

## ओन्स जेब्युर को हराकर कोको गॉफ सेमीफाइनल में

**पेरिस। एजेंसी**

अमेरिका की कोको गॉफ ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मंगलवार को यहां फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में ओन्स जेब्युर को हराकर लगातार तीसरी बार ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया. पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन के रूप में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाली गॉफ ने आठवीं वरीय जेब्युर को 4-6, 6-2, 6-3 से हराया. अमेरिकी ओपन के बाद गॉफ ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के भी अंतिम चार में जगह बनाई थी. वर्ष 2022 की उप विजेता 20 साल की गॉफ को रोलां गैरो पर तीसरी वरीयता दी गई है.गॉफ ने मैच के बाद कहा, ''वह पूरे मैच में काफी अच्छा खेली. वह काफी विनर्स मेरे शरीर की तरफ लगा रही थी जिसकी मुझे आदत नहीं है. इसलिए आज मैंने अंत में आक्रामक होकर खेलने का प्रयास किया.'जेब्युर की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, ''वह कड़ी प्रतिद्वंद्वी है और टूर पर लोग उनसे काफी प्यार करते हैं. मैं आज दर्शकों से कह सकती हूं कि मुझे पता है कि आप लोग चाहते हैं कि वह जीते. ईमानदारी से कहूं तो जब भी वह मेरे खिलाफ नहीं खेल रही होती तो मैं भी उसकी हौसलाअफजाई करती हूं.'गॉफ की सेमीफाइनल में भिड़ंत शीर्ष वरीय ईगा स्वियातेक से हो सकती है जिन्होंने पेरिस में पिछले चार में से तीन खिताब जीत हैं. स्वियातेक ने ही 2022 में फाइनल में गॉफ को हराया था.



कोको गॉफ

**जोरदार वापसी**

- कोको ने तीसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया
- कोको ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम चार में जगह बनाई थी

**आईसीसी ट्रॉफी** यहां हुए मैचों से स्पष्ट है कि आईपीएल की तरह यहां रनों का अंबार नहीं लगने जा रहा है

# आयरलैंड के खिलाफ आज आगाज करेगी टीम इंडिया

**न्यूयॉर्क। एजेंसी**

आलोचक भले ही उन्हें 'नयी बोतल में पुरानी शराब' कहें लेकिन भारत के सुपरस्टार क्रिकेटर बरसों से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाने का मलाल मिटाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहेंगे और अपने इस मिशन की शुरूआत टी-20 विश्व कप में बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच के जरिये करेंगे. भारतीय टीम में अभी भी कई अनसुलझे सवाल हैं मसलन यहां 'ड्रॉप इन' पिच पर टीम संयोजन क्या रहेगा. अभी तक यहां हुए मैचों से स्पष्ट है कि इंडियन प्रीमियर लीग की तरह यहां रनों का अंबार नहीं लगने जा रहा है. उससे भी बड़ी चिंता खिताब के प्रबल दावेदार का ठप्पा है. रोहित शर्मा और विराट कोहली तो विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रह चुके हैं लेकिन जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा जैसे 'दशकों में एक ' माने जाने वाले क्रिकेटरों ने अभी तक खिताब नहीं जीता है और वे इसके लिये बेताब हैं.

भारतीय क्रिकेट टीम 1982 और 1986 की ब्राजील फुटबॉल टीम की तरह नहीं बनना चाहती जब सुकरात, जिको, कारेका, फाल्काओ और अलेमाओ जैसे सितारे भी फीफा विश्व कप नहीं जीत सके थे. पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल के बाद नरेंद्र मोदी स्टेडियम के ड्रेसिंग रूम की सीढियां चढते हुए कप्तान रोहित शर्मा अपने आंसू नहीं छिपा सके थे. वहीं 765 रन बनाने वाले कोहली के चेहरे पर भी उदासी साफ देखी जा सकती थी. कई बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मिलकर सर्वश्रेष्ठ टीम नहीं बना पाते. भारत ने अपने अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया है लेकिन यह नहीं भूलना चाहिये कि यही टीम कई बार आखिरी दो तिलिस्म नहीं तोड़ सकी है.




**टीमें**

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज.

**आयरलैंड:** पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क अडायर, रॉस अडायर, एंड्रयू बालबर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, बैरी मैकार्थी, नील रॉक, हैरी टेक्टर, लोरकन टकर, बेन व्हाइट, क्रेग यंग

हमें हर मैच के बाद यात्रा करनी पड़ रही है : वानिंदु हसरंगा

# श्रीलंका के क्रिकेटर शेड्यूल पर नाराज

**न्यूयॉर्क। एजेंसी**

श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा और स्पिनर महीष तीक्षणा ने टी-20 विश्व कप में अपनी टीम के मैचों के शेड्यूल को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा है कि यह काफी अनुचित है. लंबी यात्राओं के कारण उन्हें एक अभ्यास सत्र रद्द करना पड़ा है. श्रीलंका को ग्रुप डी के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका ने हराया. तीक्षणा ने अपनी टीम के मैचों के कार्यक्रम की आलोचना करते हुए कहा कि इसका टीम पर नकारात्मक असर पड़ा है. उन्होंने कहा कि यह गलत है. हमें हर मैच के बाद यात्रा करनी पड़ रही है क्योंकि हम चार अलग अलग मैदानों पर खेल रहे हैं. 'उन्होंने कहा ,'हमने फ्लोरिडा से , मियामी से उड़ान ली और आठ घंटे हवाई अड्डे पर इंतजार करना पड़ा . हमें रात आठ बजे निकलना था लेकिन सुबह पांच बजे उड़ान ली. यह अनुचित है लेकिन खेलते समय यह मायने नहीं रखता.' दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका को दो और मैच यहां खेलना है जबकि भारतीय टीम तीन मैच यहां खेलेगी. तीक्षणा ने कहा कि होटल से अभ्यास स्थल भी एक घंटे 40 मिनट का रास्ता है . दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच से पहले भी हमें सुबह पांच बजे उठना पड़ा.' तीक्षणा ने नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि कुछ टीमों को एक ही स्थान पर खेलना है.



श्रीलंका के खिलाड़ी

बिहार में लोकसभा चुनाव-2024 की मतगणना में सभी 40 सीटों के परिणाम सामने आ गए हैं. इनमें राजग को 30 सीटें मिली हैं, जिनमें भाजपा को 12, जदयू को 12, लोजपा (आर) को 5 और हम पार्टी को 01 सीटें मिली हैं. 40 सीटों वाली लोकसभा क्षेत्र में एनडीए को 09 सीटों का नुकसान हुआ है. वहीं राजद को 4, कांग्रेस को 3, भाकपा-माले को 2 और पप्पू यादव निर्दलीय की जीत से इंडिया को 10 सीटें मिली हैं.

# बिहार में नीतीश कुमार ने किया कमाल

| सीट | जीते | दल | वोट | हारे | दल | वोट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बेगूसराय | गिरिराज सिंह | भाजपा | 649331 | अवधेश कुमार रॉय | सीपीआई | 567851 |
| अररिया | प्रदीप कुमार सिंह | भाजपा | 600146 | शहनवाज | राजद | 580052 |
| आरा | सुदामा प्रसाद | सीपीआई | 529382 | आरके सिंह | भाजपा | 469574 |
| औरंगाबाद | अभय कुमार सिन्हा | राजद | 465567 | सुशील कुमार सिंह | भाजपा | 386456 |
| बांका | गिरधारी यादव | जदयू | 506678 | जयप्रकाश नारायण यादव | राजद | 402834 |
| भागलपुर | अजय कुमार मंडल | जदयू | 536031 | अजीत कुमार शर्मा | कांग्रेस | 431163 |
| बक्सर | सुधाकर सिंह | राजद | 423779 | मिथिलेश तिवारी | भाजपा | 394892 |
| दरभंगा | गोपाल जी ठाकुर | भाजपा | 566630 | ललित कुमार यादव | राजद | 388474 |
| जहानाबाद | सुरेंद्र प्रसाद यादव | राजद | 440352 | चंद्रेश्वर प्रसाद | जदयू | 299044 |
| हाजीपुर | चिराग पासवान | लोजपा (आर) | 615718 | शिवचंद्र राम | राजद | 445613 |
| गोपालगंज | डॉ.आलोक कुमार सुमन | जदयू | 511866 | प्रेम नाथ चंचल | वीआईपी | 384686 |
| गया | जीतन राम मांझी | हम | 494960 | कुमार सर्वजीत | राजद | 393148 |
| जमुई | अरुण भारती | लोजपा (आर) | 509046 | अर्चना कुमारी | राजद | 396564 |
| झंझारपुर | रामप्रीत मंडल | जदयू | 533032 | सुमन कुमार महासेठ | वीआईपी | 348863 |
| काराकाट | राजाराम सिंह | सीपीआई-एमएल | 380581 | पवन सिंह | निर्दलीय | 274723 |
| कटिहार | तारिक अनवर | कांग्रेस | 567092 | दुलाल चंद्र गोस्वामी | जदयू | 517229 |
| वाल्मिकी नगर | सुनील कुमार | जदयू | 523422 | दीपक यादव | राजद | 424747 |
| वैसाली | वीणा देवी | लोजपा (आर) | 567043 | विजय कुमार शुक्ला | राजद | 477409 |
| उजियारपुर | नित्यानंद राय | भाजपा | 515159 | आलोक कुमार मेहता | राजद | 454870 |
| खगड़िया | राजेश वर्मा | लोजपा (आर) | 538657 | संजय कुमार | सीपीआई-एम | 377526 |
| महाराजगंज | जनार्दन सिंह सिग्रीवाल | भाजपा | 529533 | आकाश कुमार सिंह | कांग्रेस | 426882 |
| मधुबनी | अशोक कुमार यादव | भाजपा | 553428 | मो. अली अशरफ हातमी | राजद | 401483 |
| मधेपुरा | दिनेश चंद्र यादव | जदयू | 640649 | डीए कुमार चंद्रदीप | राजद | 466115 |
| किशनगंज | मोहम्मद जावेद | कांग्रेस | 402850 | मुजाहिद आलम | जदयू | 343158 |
| मुंगेर | राजीव रंजन सिंह | जदयू | 547814 | कुमारी अनिता | राजद | 467412 |
| मुजफ्फरपुर | राजभूषण चौधरी | भाजपा | 618569 | अजय निषाद | कांग्रेस | 383759 |
| नालंदा | कौशलेंद्र कुमार | जदयू | 558489 | डॉ. संदीप सौरव | सीपीआई-एमएल | 388946 |
| नवादा | विवेक ठाकुर | भाजपा | 410608 | श्रवण कुमार | राजद | 342938 |
| पूर्णिया | राजेश रंजन | निर्दलीय | 488736 | संतोष कुमार कुशवाहा | जदयू | 458575 |
| पटना साहिब | रविशंकर प्रसाद | भाजपा | 588270 | अंशुल अभिजीत | कांग्रेस | 434424 |
| पाटलिपुत्र | मीसा भारती | राजद | 588963 | रामकृपाल यादव | भाजपा | 509621 |
| पश्चिमी चंपारण | डॉ संजय जायसवाल | भाजपा | 580421 | मदन मोहन तिवारी | कांग्रेस | 443853 |
| पूर्वी चंपारण | राधा मोहन सिंह | भाजपा | 542193 | डॉ राजेश कुमार | वीआईपी | 453906 |
| समस्तीपुर | शांभवी | लोजपा (आर) | 579786 | सन्नी हजारी | कांग्रेस | 392535 |
| सारण | राजीव प्रताप रुडी | भाजपा | 471752 | रोहिणी आचार्य | राजद | 458091 |
| सासाराम | मनोज कुमार | कांग्रेस | 513004 | शिवेश कुमार | भाजपा | 493847 |
| सुपौल | दिलेश्वर कामत | जदयू | 595038 | चंद्रहास चौपाल | राजद | 425235 |
| सिवान | विजय लक्ष्मी देवी | जदयू | 386508 | हीना शहाब | निर्दलीय | 293651 |
| सीतामढ़ी | दिनेश चंद्र ठाकुर | जदयू | 515719 | अर्जुन राय | राजद | 464363 |
| शिवहर | लवली आनंद | जदयू | 476612 | रीतू जायसवाल | राजद | 447469 |





## बोले दिग्गज




आज जो चुनाव जीत हैं उनको बधाई! आशा है जैसे हमने जनता की समस्या की सुनी है उसी तरह से वह भी जनता के लिए काम करेंगे. मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करती हूं.

**स्मृति ईरानी**, भाजपा प्रत्याशी, अमेठी



तीन घंटे तक प्रधानमंत्री मोदी पीछे चल रहे थे. 1.5 लाख वोटों से जीतने में पसीने छूट गए. रायबरेली से राहुल गांधी 4 लाख वोटों से जीत रहे हैं. ये साबित करता है कि राहुल गांधी की हिन्दुस्तान में लोकप्रियता मोदी से बहुत ज्यादा है.

**अजय राय**, कांग्रेस प्रत्याशी, वाराणसी



इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है. लोगों ने पारिवारिक विरासत के खिलाफ और आम जनता के पक्ष में वोट दिया है. उन्होंने कहा कि वह मंडी के लोगों के लिए सच्चे दिल से काम करेंगी.

**कंगना रनौत**, भाजपा प्रत्याशी, मंडी



अमेठी से कांग्रेस के विजयी प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा

### कांग्रेस प्रत्याशी के भाजपा में शामिल होने से बना अनोखा कीर्तिमान

# इंदौर सीट पर 'नोटा' ने 2.19 लाख वोटों के साथ बनाया नया रिकॉर्ड

एजेंसी। इंदौर

मध्यप्रदेश के इंदौर में 'नोटा' ने बिहार के गोपालगंज का पिछला कीर्तिमान ध्वस्त करते हुए 2,18,674 वोट हासिल किए और 14 में से 13 उम्मीदवारों को पटखनी देकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया. इंदौर, मतदाताओं की तादाद के लिहाज से सूबे में सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र है जहां मुख्य चुनावी भिड़ंत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच होती रही है, लेकिन इस बार सियासी समीकरण एकदम बदले हुए थे. कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी अक्षय कांति बम पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए नामांकन वापसी की आखिरी तारीख 29 अप्रैल को अपना पर्चा वापस लेकर तुरंत बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए थे. नतीजतन इस सीट के 72 साल के इतिहास में कांग्रेस पहली बार चुनावी दौड़ से बाहर हो गई.



दिल्ली की चांदनी चौक सीट से भाजपा के विजयी प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल.

### नीतीश व नायडू राजग का साथ छोड़ सकते हैं

**पटना**। राजद ने मंगलवार को दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेलुगु देशम पार्टी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू 'प्रतिशोध की राजनीति को नापसंद करते हैं' जो उन्हें भाजपा के नेतृत्व वाले राजग से दूर सकती है. राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य मनोज कुमार झा ने जद (यू) प्रमुख के इस बयान को याद किया कि 'जो लोग 2014 में सत्ता में आए उन्हें 2024 में सत्ता से बाहर कर दिया जाएगा.' कुमार ने राजग में शामिल होने के पूर्व विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी. झा ने कहा, 'हम पहले भी नीतीश और चंद्रबाबू नायडू दोनों के साथ गठबंधन में रहे हैं. लगता है नरेंद्र मोदी की विदाई तय है. उम्मीद है कि दोनों नेता केंद्र में सत्ता परिवर्तन में अहम भूमिका निभाएंगे.'

### लोस चुनाव के नतीजे भाजपा के लिये सबक

**तिरुवनंतपुरम**। तिरुवनंतपुरम लोकसभा सीट से लगातार चौथी बार जीत हासिल करने वाले कांग्रेस नेता शशि थरूर ने मंगलवार को कहा कि चुनाव परिणाम भाजपा के लिए एक सबक है कि जब वह सांप्रदायिकता के बजाय विकास जैसे अन्य रास्तों पर चलती है तो उसका बेहतर प्रदर्शन होता है. थरूर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के राजीव चंद्रशेखर को 16, 077 मतों से शिकस्त दी. थरूर ने कहा कि चुनाव परिणाम मतदाताओं द्वारा भाजपा को दिया गया एक गंभीर संदेश है कि उनकी शासन प्रणाली में व्यापक सुधार की आवश्यकता है. उन्होंने 'पीटीआई वीडियो' को बताया, ''मुझे हमेशा लगता था कि भाजपा केरल में हद पार कर रही है, क्योंकि उनके संदेशों में सांप्रदायिकता समाहित है.''

## दिग्गज

जीते | हारे

सीट : कृष्णा नगर



महुआ मोइत्रा
टीएमसी



अमृता रॉय
भाजपा

जीते | हारे

सीट : खीरी



उत्कर्ष कुमार मधुर
समाजवादी पार्टी



अजय कुमार टेनी
भाजपा

जीते | हारे

सीट : मैनपुरी



डिंपल यादव
समाजवादी पार्टी



जयवीर सिंह
भाजपा

जीते | हारे

सीट : उत्तर पूर्व दिल्ली



मनोज तिवारी
भाजपा



कन्हैया कुमार
कांग्रेस




मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)